ס	מַעַלְלֵיהֶם׃	וּמֵרֹעַ	הָרָע	מִדַּרְכָּם	וְיָשִׁבוּם
—	उनके–कामों–की	और–से–बुराई	बुरे	से–उनके–मार्ग	और–फेरते
	H4611	H7455		H1870	H7725

यदि ये मेरी शिक्षा में स्थिर रहते, तो मेरी प्रजा के लोगों को मेरे वचन सुनाते; और वे अपनी बुरी चाल और कामों से फिर जाते।

23

מֵרָחֹק׃	אֱלֹהֵי	וְלֹא	יְהוָה	נְאֻם־	אָנִי	מִקָּרֹב	הַאֱלֹהֵי
दूर–का	एलोहीम	और–नहीं	यहोवा–का	वचन–	मैं–हूँ	निकट–का	क्या–एलोहीम
H7350	H0430	H3808	H3068	H5002	H0589	H7138	H0430

“यहोवा की यह वाणी है, क्या मैं ऐसा परमेश्वर हूँ, जो दूर नहीं, निकट ही रहता हूँ? (प्रेरि. 17:27)

24

נְאֻם־	אֶרְאֶנּוּ	לֹא־	וַאֲנִי	בַּמִּסְתָּרִים	אִישׁ	יִסָּתֵר	אִם־
वचन–	देखूँगा–उसे	नहीं–	और–मैं	छिपने–के–स्थानों–में	कोई	छिपे	अगर–
H5002	H7200	H3808	H0589	H4565	H0376	H5641	

מָלֵא	אֲנִי	הָאָרֶץ	וְאֶת־	הַשָּׁמַיִם	אֶת־	הֲלוֹא	יְהוָה
भरता–हूँ	मैं	पृथ्वी	और–को–	आकाश	को–	क्या–नहीं	यहोवा–का
H4390	H0589	H0776	H0853	H8064	H0853	H3808	H3068

יְהוָה׃	נְאֻם־
यहोवा–का	वचन–
H3068	H5002

फिर यहोवा की यह वाणी है, क्या कोई ऐसे गुप्त स्थानों में छिप सकता है, कि मैं उसे न देख सकूँ? क्या स्वर्ग और पृथ्वी दोनों मुझसे परिपूर्ण नहीं हैं?

בִּשְׁמִי	הַנִּבְּאִים	הַנִּבְּאִים	אָמְרוּ	אֲשֶׁר־	אֵת	שָׁמַעְתִּי		25
मेरे-नाम-से	जो-भविष्यवाणी-करते-हैं	नबियों-ने	कहा-है	जो-	को	सुना-है		
H8034	H5012	H5030	H0559		H0853	H8085		

חָלָמְתִּי׃	חָלַמְתִּי	לֵאמֹר	שֶׁקֶר
स्वप्न-देखा-है	स्वप्न-देखा-है	कहते-हुए	झूठ
		H0559	H8267

मैंने इन भविष्यद्वक्ताओं की बातें भी सुनीं हैं जो मेरे नाम से यह कहकर झूठी भविष्यद्वाणी करते हैं, ‘मैंने स्वप्न देखा है, स्वप्न!’

הַשֶּׁקֶר	נִבְּאֵי	הַנִּבְּאִים	בְּלֵב	הֲיֵשׁ	מָתַי	עַד־	26
झूठ-की	भविष्यवाणी-करनेवालों	नबियों-के	में-हृदय	है	कब-तक	कब-तक-	
H8267	H5012	H5030		H3426	H4970	H5704	

לִבָּם׃	תַּרְמִת	וּנְבִיאֵי
अपने-हृदय-के	छल-के	और-नबियों
		H5030

जो भविष्यद्वक्ता झूठमूठ भविष्यद्वाणी करते और अपने मन ही के छल के भविष्यद्वक्ता हैं, यह बात कब तक उनके मन में समाई रहेगी?

אֲשֶׁר	בַּחֲלוֹמֹתָם	שְׁמִי	עַמִּי	אֶת־	לְהַשְׁכִּיחַ	הַחֹשְׁבִים	27
जो	अपने-स्वप्नों-से	मेरा-नाम	मेरी-प्रजा-को	को-	भुलाने-को	सोचनेवाले	
	H2472	H8034		H0853	H7911	H2803	

שְׁמִי	אֶת־	אֲבוֹתָם	שָׁכְחוּ	כַּאֲשֶׁר	לְרֵעֵהוּ	אִישׁ	יְסַפְּרוּ
मेरा-नाम	को-	उनके-पूर्वज	भूल-गए-थे	जैसे	दूसरे-को	एक	सुनाते-हैं
H8034	H0853	H0001	H7911		H7453	H0376	

בַּבָּעַל׃
बाल-के-कारण

जैसे मेरी प्रजा के लोगों के पुरखा मेरा नाम भूलकर बाल का नाम लेने लगे थे, वैसे ही अब ये भविष्यद्वक्ता उन्हें अपने-अपने स्वप्न बता-बताकर मेरा नाम भुलाना चाहते हैं।

28

דְּבָרִי	וַאֲשֶׁר	חֲלוֹם	יְסַפֵּר	חֲלוֹם	אִתּוֹ	אֲשֶׁר־	הַנָּבִיא
मेरा–वचन	और–जिसके–पास	स्वप्न	सुनाए	स्वप्न–है	पास	जिसके–	नबी
H1697		H2472		H2472	H0854		H5030

הַבָּר	אֶת־	לַתֶּבֶן	מַה־	אֱמֶת	דְּבָרִי	יְדַבֵּר	אִתּוֹ
अनाज	से–	भूसे–को	क्या–	सच्चाई–से	मेरा–वचन	बोले	है–उसके–पास
	H0854	H8401	H4100	H0571	H1697	H1696	H0854

יְהוָה׃	נְאֻם־
यहोवा–का	वचन–
H3068	H5002

यदि किसी भविष्यद्वक्ता ने स्वप्न देखा हो, तो वह उसे बताए, परन्तु जिस किसी ने मेरा वचन सुना हो तो वह मेरा वचन सच्चाई से सुनाए। यहोवा की यह वाणी है, कहाँ भूसा और कहाँ गेहूँ?

29

וּכְפַטִּישׁ	יְהוָה	נְאֻם־	כָּאֵשׁ	דְּבָרִי	כֹּה	הֲלוֹא
और–हथौड़े–जैसा	यहोवा–का	वचन–	आग–जैसा	मेरा–वचन	ऐसा	क्या–नहीं
H6360	H3068	H5002	H0784	H1697	H3541	H3808

ס	סָלַע׃	יְפֹצֵץ
—	चट्टान–को	तोड़नेवाला
	H5553	

यहोवा की यह भी वाणी है कि क्या मेरा वचन आग सा नहीं है? फिर क्या वह ऐसा हथौड़ा नहीं जो पत्थर को फोड़ डाले?

30

מְנַנְבֵי	יְהוָה	נְאֻם־	הַנְּבִאִים	עַל־	הִנְנִי	לָכֵן
चुरानेवालों–के	यहोवा–का	वचन–	नबियों–के	के–विरुद्ध–	देखो–मैं	इसलिए
H1589	H3068	H5002	H5030		H2009	

רֵעֵהוּ׃	מֵאֵת	אִישׁ	דְּבָרַי
दूसरे–से	से	एक	मेरे–वचन
H7453	H0854	H0376	H1697

यहोवा की यह वाणी है, देखो, जो भविष्यद्वक्ता मेरे वचन दूसरों से चुरा-चुराकर बोलते हैं, मैं उनके विरुद्ध हूँ।

31

לְשׁוֹנָם	הַלֹּקְחִים	יְהוָה	נְאֻם־	הַנְּבִיאִם	עַל־	הִנְנִי
अपनी–जीभ	लेनेवालों–के	यहोवा–का	वचन–	नबियों–के	के–विरुद्ध–	देखो–मैं
H3956	H3947	H3068	H5002	H5030		H2009

נְאֻם׃	וְיִנְאֲמוּ
वचन	और–कहते–हैं
H5002	H5001

फिर यहोवा की यह भी वाणी है कि जो भविष्यद्वक्ता ‘उसकी यह वाणी है’, ऐसी झूठी वाणी कहकर अपनी-अपनी जीभ हिलाते हैं, मैं उनके भी विरुद्ध हूँ।

32 הִנְנִי עַל־ נִבְּאֵי חַלֹּמוֹת שֶׁקֶר נְאֻם־
देखो–मैं के–विरुद्ध– भविष्यवाणी–करनेवालों–के स्वप्नों–के झूठे वचन–
H2009 H5012 H2472 H8267 H5002

יְהוָה וַיְסַפְּרוּם וַיַּתְעוּ אֶת־ עַמִּי בְּשִׁקְרֵיהֶם
यहोवा–का और–सुनाते–हैं–उन्हें और–भटकाते–हैं को– मेरी–प्रजा–को अपने–झूठों–से
H3068 H8582 H0853 H8267

צִוִּיתִים וְלֹא שְׁלַחְתִּים לֹא־ וְאָנֹכִי וּבְפַחֲזוּתָם
आज्ञा–दी–थी–उन्हें और–नहीं भेजा–था–उन्हें नहीं– और–मैंने और–अपनी–डींगों–से
H6680 H3808 H7971 H3808 H0595 H6350

יְהוָה׃ נְאֻם־ הַזֶּה לָעָם־ יוֹעִילוּ לֹא־ וְהוֹעֵיל
यहोवा–का वचन– इस प्रजा–को– पहुँचाएँगे नहीं– और–लाभ
H3068 H5002 H2088 H3276 H3808 H3276

यहोवा की यह भी वाणी है कि जो बिना मेरे भेजे या बिना मेरी आज्ञा पाए स्वप्न देखने का झूठा दावा करके भविष्यद्वाणी करते हैं, और उसका वर्णन करके मेरी प्रजा को झूठे घमण्ड में आकर भरमाते हैं, उनके भी मैं विरुद्ध हूँ; और उनसे मेरी प्रजा के लोगों का कुछ लाभ न होगा।

33 כֹּהֵן אוֹ־ הַנָּבִיא אוֹ־ הַזֶּה הָעָם יִשְׁאָלְךָ֙ כִּי־ וְ
याजक या– नबी या– यह प्रजा पूछे–तुझसे और–जब–
H3548 H5030 H2088 H7592

מַשָּׂא מַה־ אֶת־ אֲלֵיהֶם וְאָמַרְתָּ יְהוָה מַשָּׂא מַה־ לֵאמֹר
भार क्या– को– उनसे तो–कहना यहोवा–का भार क्या– कहकर
H4100 H0853 H0413 H0559 H3068 H4100 H0559

יְהוָה׃ נְאֻם־ אֶתְכֶם אֶת וְנָטַשְׁתִּי
यहोवा–का वचन– तुम्हें और–त्याग–दूँगा
H3068 H5002 H0853 H5203

“यदि साधारण लोगों में से कोई जन या कोई भविष्यद्वक्ता या याजक तुम से पूछे, ‘यहोवा ने क्या प्रभावशाली वचन कहा है?’ तो उससे कहना, ‘क्या प्रभावशाली वचन? यहोवा की यह वाणी है, मैं तुम को त्याग दूँगा।’

וְהַנָּבִיא וְהַכֹּהֵן וְהָעָם אֲשֶׁר יֹאמַר מַשָּׂא יְהוָה 34
और-प्रजा जो कहे भार यहोवा-का
H5030 H3548 H0559 H3068

וּפָקַדְתִּי עַל־ הָאִישׁ הַהוּא וְעַל־ בֵּיתוֹ׃
तो-दण्ड-दूँगा को- उस-मनुष्य-को उस और-को- उसके-घराने-को
H1931 H0376

और जो भविष्यद्वक्ता या याजक या साधारण मनुष्य ‘यहोवा का कहा हुआ भारी वचन’ ऐसा कहता रहे, उसको घराने समेत मैं दण्ड दूँगा।

כֹּה תֹאמְרוּ אִישׁ אֶל־ רֵעֵהוּ וְאִישׁ אֶל־ אָחִיו מָה־ עָנָה יְהוָה וּמַה־ דִּבֶּר יְהוָה׃ 35
यों कहो एक से- अपने-पड़ोसी-से और-एक को- उत्तर-दिया-है क्या- अपने-भाई-को और-क्या- कहा-है यहोवा-ने
H3541 H0559 H0376 H0413 H7453 H4100 H0251 H4100 H1696 H3068

और अपने-अपने भाई से यह पूछना, ‘यहोवा ने क्या उत्तर दिया?’ या ‘यहोवा ने क्या कहा है?’

וּמַשָּׂא לֹא־ עוֹד יִהְיֶה־ לְאִישׁ כִּי־ הַמַּשָּׂא דְּבָרָיו וְהִפַּכְתֶּם אֶת־ דִּבְרֵי יְהוָה צְבָאוֹת אֱלֹהֵינוּ חַיִּים יְהוָה אֱלֹהִים׃ 36
और-भार नहीं फिर क्योंकि भार होगा मनुष्य-के-लिए उसका-अपना-वचन और-तुमने-बिगाड़ा-है को- वचनों-को यहोवा सेनाओं-के हमारे-एलोहीम-के जीवित यहोवा एलोहीम-के
H3068 H3808 H5750 H3588 H4853 H1961 H0376 H1697 H2015 H0853 H1697 H3068 H0430 H3068 H0430

‘यहोवा का कहा हुआ भारी वचन’, इस प्रकार तुम भविष्य में न कहना नहीं तो तुम्हारा ऐसा कहना ही दण्ड का कारण हो जाएगा; क्योंकि हमारा परमेश्वर सेनाओं का यहोवा जो जीवित परमेश्वर है, तुम लोगों ने उसके वचन बिगाड़ दिए हैं।

כֹּה תֹאמַר אֶל־ הַנָּבִיא מָה־ עָנָה יְהוָה וּמַה־ דִּבֶּר יְהוָה׃ 37
यों कहो को- नबी-को क्या- उत्तर-दिया-है-तुझे यहोवा-ने और-क्या- कहा-है यहोवा-ने
H3541 H0559 H0413 H5030 H4100 H6030 H3068 H4100 H1696 H3068

तू भविष्यद्वक्ता से यह पूछ, ‘यहोवा ने तुझे क्या उत्तर दिया?’

38 וְאִם־ מַשָּׂא תֹּאמְרוּ֙ יְהוָ֔ה לָכֵ֗ן כֹּ֤ה אָמַר֙ יְהוָ֔ה
और–अगर– भार कहो यहोवा–का इसलिए यों कहता–है यहोवा
H0559 H3541 H0559 H3068

כִּ֣י יַ֔עַן אֲמַרְכֶּ֖ם אֶת־ הַדָּבָ֣ר הַזֶּ֑ה מַשָּׂא֙ יְהוָ֔ה
इसलिए–कि कहा–है–तुमने को– वचन यह भार यहोवा–का
H3282 H0559 H0853 H1697 H2088 H3068

וָאֶשְׁלַ֤ח אֲלֵיכֶם֙ לֵאמֹ֔ר לֹ֣א תֹאמְר֔וּ מַשָּׂא֙ יְהוָ֔ה׃
और–भेजा–था तुम्हारे–पास कहकर नहीं कहो भार यहोवा–का
H7971 H0413 H0559 H3808 H0559 H3068

या ‘यहोवा ने क्या कहा है?’ यदि तुम ‘यहोवा का कहा हुआ प्रभावशाली वचन’ इसी प्रकार कहोगे, तो यहोवा का यह वचन सुनो, ‘मैंने तो तुम्हारे पास सन्देश भेजा है, भविष्य में ऐसा न कहना कि “यहोवा का कहा हुआ प्रभावशाली वचन।” परन्तु तुम यह कहते ही रहते हो, “यहोवा का कहा हुआ प्रभावशाली वचन।” ’

39 לָכֵן֙ הִנְנִ֣י וְנָשִׁ֔יתִי וְנָשָׂ֖אתִי אֶתְכֶ֑ם
इसलिए देखो–मैं और–उठाऊँगा तुम्हें और–त्याग–दूँगा उठाकर तुम्हें
H2009 H5382 H5203 H5377 H0853

וְאֶת־ הָעִ֣יר אֲשֶׁ֣ר נָתַ֔תִּי לָכֶ֖ם וְלַאֲבוֹתֵיכֶ֑ם מֵעַ֖ל
और–को– नगर जो दिया–था तुम्हें और–तुम्हारे–पूर्वजों–को से–सामने
H0853 H5414 H0001

פָּנָֽי׃
मेरे
H6440

इस कारण देखो, मैं तुम को बिलकुल भूल जाऊँगा और तुम को और इस नगर को जिसे मैंने तुम्हारे पुरखाओं को, और तुम को भी दिया है, त्याग कर अपने सामने से दूर कर दूँगा।

40 וְנָתַתִּ֤י עֲלֵיכֶם֙ חֶרְפַּ֣ת עוֹלָ֔ם וּכְלִמּ֥וֹת עוֹלָ֖ם אֲשֶׁ֣ר לֹ֑א
और–डालूँगा तुम–पर अपमान सदा–का और–लज्जा सदा–की जो नहीं
H5414 H2781 H5769 H3640 H5769 H3808

תִּשָּׁכֵֽחַ׃ ס
भुलाई–जाएगी —
H7911

और मैं ऐसा करूँगा कि तुम्हारी नामधराई और अनादर सदा बना रहेगा; और कभी भूला न जाएगा।”

Chapter 24

1

מוּעָדִֽים׃	תְּאֵנִים	דּוּדָאֵי	שְׁנֵי	וְהִנֵּה	יְהוָה	הֶרְאַנִי
रखी–हुई	अंजीरों–की	टोकरियाँ	दो	और–देखो	यहोवा–ने	दिखाया–मुझे
H3259	H8384	H1736	H8147	H2009	H3068	H7200

נְבוּכַדְרֶאצַּר	הַגֹּלוֹת	אַחֲרֵי	יְהוָה	הֵיכַל	לִפְנֵי
नबूकदनेस्सर	बंधुआई–करके–ले–जाने–के	बाद–में	यहोवा–के	मन्दिर–के	के–सामने
H5019	H1540		H3068	H1964	H6440

יְהוּדָה׀	מֶלֶךְ־	יְהוֹיָקִים	בֶּן־	יְכָנְיָהוּ	אֶת־	בָּבֶל	מֶלֶךְ־
यहूदा–के	राजा–	यहोयाकीम–के	पुत्र–	यकन्याहू	को–	बाबेल–के	राजा–
H3063	H4428	H3079		H3204	H0853	H0894	H4428

הַמַּסְגֵּר׀	וְאֶת־	הֶחָרָשׁ	וְאֶת־	יְהוּדָה	שָׂרֵי	וְאֶת־
लोहारों–को	और–को–	कारीगरों–को	और–को–	यहूदा–के	सरदारों–को	और–को–
H4525	H0853	H2796	H0853	H3063	H8269	H0853

בָּבֶֽלָה׃	וַיְבִיאָם	מִירוּשָׁלִַם
बाबेल–को	और–ले–आया–उन्हें	यरूशलेम–से
H0894	H0935	H3389

जब बाबेल का राजा नबूकदनेस्सर, यहोयाकीम के पुत्र यहूदा के राजा यकोन्याह को, और यहूदा के हाकिमों और लोहारों और अन्य कारीगरों को बन्दी बनाकर यरूशलेम से बाबेल को ले गया, तो उसके बाद यहोवा ने मुझ को अपने मन्दिर के सामने रखे हुए अंजीरों के दो टोकरे दिखाए।

2

הַבִּכּוּרוֹת	כִּתְאֵנֵי	מְאֹד	טֹבוֹת	תְּאֵנִים	אֶחָד	הַדּוּד
पहली–उपज–की	जैसी–अंजीर	बहुत	अच्छी	अंजीर	एक	टोकरी
H1073	H8384	H3966		H8384	H0259	H1731

תֵּאָכַלְנָה	לֹא־	אֲשֶׁר	מְאֹד	רָעוֹת	תְּאֵנִים	אֶחָד	וְהַדּוּד
खाई–जा–सकती–थीं	नहीं–	जो	बहुत	बुरी	अंजीर	एक	और–टोकरी
H0398	H3808		H3966		H8384	H0259	H1731

ס	מֵרֹֽעַ׃
—	खराबी–के–कारण
	H7455

एक टोकरे में तो पहले से पके अच्छे-अच्छे अंजीर थे, और दूसरे टोकरे में बहुत निकम्मे अंजीर थे, वरन् वे ऐसे निकम्मे थे कि खाने के योग्य भी न थे।

וָאֹמַר	יִרְמְיָהוּ	רֹאֶה	אַתָּה	מָּה־	אֵלַי	יְהוָה	וַיֹּאמֶר	3
और-कहा	यिर्मयाह	देखता-है	तू	क्या-	मुझसे	यहोवा-ने	और-कहा	
H0559	H3414	H7200		H4100	H0413	H3068	H0559	

מְאֹד	רָעוֹת	וְהָרָעוֹת	מְאֹד	טֹבוֹת	הַטֹּבוֹת	הַתְּאֵנִים	תְּאֵנִים
बहुत	बुरी	और-बुरी	बहुत	अच्छी	अच्छी	अंजीर	अंजीर
H3966			H3966			H8384	H8384

פ	מֵרֹעַ׃	תֵּאָכַלְנָה	לֹא־	אֲשֶׁר
—	खराबी-के-कारण	खाई-जा-सकती-हैं	नहीं-	जो
	H7455	H0398	H3808	

फिर यहोवा ने मुझसे पूछा, “हे यिर्मयाह, तुझे क्या देख पड़ता है?” मैंने कहा, “अंजीर; जो अंजीर अच्छे हैं वह तो बहुत ही अच्छे हैं, परन्तु जो निकम्मे हैं, वह बहुत ही निकम्मे हैं; वरन् ऐसे निकम्मे हैं कि खाने के योग्य भी नहीं हैं।”

לֵאמֹר׃	אֵלַי	יְהוָה	דְּבַר־	וַיְהִי	4
कहते-हुए	मुझे	यहोवा-का	वचन-	और-आया	
H0559	H0413	H3068	H1697	H1961	

तब यहोवा का यह वचन मेरे पास पहुँचा,

הָאֵלֶּה	הַטֹּבוֹת	כַּתְּאֵנִים	יִשְׂרָאֵל	אֱלֹהֵי	יְהוָה	אָמַר	כֹּה־	5
इन	अच्छी	अंजीरों-जैसी	इस्राएल-का	एलोहीम	यहोवा	कहता-है	यों-	
H0428		H8384	H3478	H0430	H3068	H0559	H3541	

מִן־	שִׁלַּחְתִּי	אֲשֶׁר	יְהוּדָה	גָּלוּת	אֶת־	אַכִּיר	כֵּן־
से-	भेजा-है	जिसे	यहूदा-की	बंधुआई-को	को-	मानूँगा	ऐसे-
	H7971		H3063	H1546	H0853		

לְטוֹבָה׃	כַּשְׂדִּים	אֶרֶץ	הַזֶּה	הַמָּקוֹם
भलाई-के-लिए	कस्दियों-के	देश	इस	स्थान-से
	H3778	H0776	H2088	H4725

“इस्राएल का परमेश्वर यहोवा यह कहता है, जैसे अच्छे अंजीरों को, वैसे ही मैं यहूदी बन्दियों को जिन्हें मैंने इस स्थान से कसदियों के देश में भेज दिया है, देखकर प्रसन्न होऊँगा।

עַל־	וַהֲשִׁבֹתִים	לְטוֹבָה	עֲלֵיהֶם׀	עֵינִי	וְשַׂמְתִּי	6
पर-	और-लौटाऊँगा-उन्हें	भलाई-के-लिए	उन-पर	अपनी-आँखें	और-रखूँगा	
	H7725					

וְלֹא	וּנְטַעְתִּים	אֶהֱרֹס	וְלֹא	וּבְנִיתִים׀	הָאֹזֹת	הָאָרֶץ
और-नहीं	और-रोपूँगा-उन्हें	ढाऊँगा	और-नहीं	और-बनाऊँगा-उन्हें	इस	पृथ्वी
H3808	H5193	H2040	H3808	H1129	H2063	H0776

אֶתְּוֹשׁ׃
उखाड़ूँगा
H5428

मैं उन पर कृपादृष्टि रखूँगा और उनको इस देश में लौटा ले आऊँगा; और उन्हें नाश न करूँगा, परन्तु बनाऊँगा; उन्हें उखाड़ न डालूँगा, परन्तु लगाए रखूँगा।

יְהוָה	אֲנִי	כִּי	אֹתִי	לָדַעַת	לֵב	לָהֶם	וְנָתַתִּי׀	7
यहोवा-हूँ	मैं	कि	मुझे	जानने-के-लिए	हृदय	उन्हें	और-दूँगा	
H3068	H0589		H0853	H3045			H5414	

כִּי־	לֵאלֹהִים	לָהֶם	אֶהְיֶה	וְאָנֹכִי	לְעָם	לִי	וְהָיוּ־	
क्योंकि-	एलोहीम-को	उनके-लिए	होऊँगा	और-मैं	प्रजा-को	मेरे-लिए	और-होंगे-	
	H0430		H1961	H0595			H1961	

ס	לִבָּם׃	בְּכָל־	אֵלַי	יָשֻׁבוּ
—	अपने-हृदय-से	से-सारे-	मेरे-पास	लौटेंगे
		H3605	H0413	H7725

मैं उनका ऐसा मन कर दूँगा कि वे मुझे जानेंगे कि मैं यहोवा हूँ; और वे मेरी प्रजा ठहरेंगे और मैं उनका परमेश्वर ठहरूँगा, क्योंकि वे मेरी ओर सारे मन से फिरेंगे।

							8
מֵרָע	תֵּאָכַלְנָה	לֹא־	אֲשֶׁר	הָרָעוֹת	וְכַתְאֵנִים׀		
खराबी-के-कारण	खाई-जा-सकती-हैं	नहीं-	जो	बुरी	और-अंजीरों-जैसी		
H7455	H0398	H3808			H8384		

מֶלֶךְ־	צִדְקִיָּהוּ	אֶת־	אֶתֵּן	כֵּן	יְהוָה	אָמַר	וְכֹה	כִּי־
राजा-	सिदकिय्याहू	को-	दे-दूँगा	ऐसे	यहोवा	कहता-है	यों	क्योंकि-
H4428	H6667	H0853	H5414		H3068	H0559	H3541	

יְרוּשָׁלִַם	שְׁאֵרִית	וְאֵת	שָׂרָיו׀	וְאֶת־	יְהוּדָה	
यरूशलेम-के	बचे-हुओं-को	और-को-	उसके-सरदारों-को	और-को-	यहूदा-के	
H3389	H7611	H0853	H8269	H0853	H3063	

מִצְרָיִם׃	בְּאֶרֶץ	וְהַיֹּשְׁבִים	הָאֹזֹת	בָּאָרֶץ	הַנִּשְׁאָרִים׀
मिस्र-की	पृथ्वी-में	और-जो-बसते-हैं	इस	पृथ्वी-में	जो-बचे-हैं
H4714	H0776	H3427	H2063	H0776	H7604

“परन्तु जैसे निकम्मे अंजीर, निकम्मे होने के कारण खाए नहीं जाते, उसी प्रकार से मैं यहूदा के राजा सिदकिय्याह और उसके हाकिमों और बचे हुए यरूशलेमियों को, जो इस देश में या मिस्र में रह गए हैं, छोड़ दूँगा।

לְכֹ֣ל	לְרָעָ֔ה	לְזַעֲוָ֖ה(	]לזועה[	וּנְתַתִּ֑ים	9
सब–के–लिए	विपत्ति–के–लिए	काँपने–को	काँपने–के–लिए	और–दे–दूँगा–उन्हें	
H3605		H2189	H2113	H5414	

לִשְׁנִינָ֣ה	וּלְמָשָׁל֮	לְחָרְפָּה֒	הָאָ֣רֶץ	מַמְלְכ֣וֹת	
ताने–के–लिए	और–दृष्टान्त–के–लिए	अपमान–के–लिए	पृथ्वी–के	राज्यों	
H8148	H4912	H2781	H0776	H4467	

שָֽׁם׃	אַדִּיחֵ֖ם	אֲשֶׁר־	הַמְּקֹמ֑וֹת	בְּכֹל־	וּלְקִלָּלָ֔ה	
वहाँ	भगाऊँगा–उन्हें	जहाँ–	स्थानों–में	सब–	और–शाप–के–लिए	
H8033	H5080		H4725	H3605	H7045	

इस कारण वे पृथ्वी के राज्य-राज्य में मारे-मारे फिरते हुए दुःख भोगते रहेंगे; और जितने स्थानों में मैं उन्हें जबरन निकाल दूँगा, उन सभी में वे नामधराई और दृष्टांत और श्राप का विषय होंगे।

הַדֶּ֖בֶר	וְאֶת־	הָרָעָ֥ב	אֶת־	הַחֶ֛רֶב	אֶת־	בָּ֑ם	וְשִׁלַּחְתִּי	10
महामारी	और–को–	अकाल	को–	तलवार	को–	उनमें	और–भेजूँगा	
H1698	H0853	H7458	H0853	H2719	H0853		H7971	

לָהֶ֔ם	נָתַ֥תִּי	אֲשֶׁר־	הָאֲדָמָ֖ה	מֵעַ֣ל	תֻּמָּ֑ם	עַד־
उन्हें	दी–थी	जो–	भूमि–से	से–ऊपर	नाश–न–हो–जाएँ	जब–तक–
H1992	H5414		H0127		H8552	H5704

פ	וְלַאֲבוֹתֵיהֶֽם׃	
—	और–उनके–पूर्वजों–को	
	H0001	

और मैं उनमें तलवार चलाऊँगा, और अकाल और मरी फैलाऊँगा, और अन्त में इस देश में से जिसे मैंने उनके पुरखाओं को और उनको दिया, वे मिट जाएँगे।”

Chapter 25

1

כָּל־	עַל־	יִרְמְיָהוּ	עַל־	הָיָה	אֲשֶׁר־	הַדָּבָר
सब–	के–विषय–में–	यिर्मयाह–के	के–विषय–में–	आया	जो–	वचन
H3605		H3414		H1961		H1697

יֹאשִׁיָּהוּ	בֶּן־	לִיהוֹיָקִים	הָרְבִעִית	בַּשָּׁנָה	יְהוּדָה	עַם
योशिय्याहू–के	पुत्र–	यहोयाकीम–के	चौथे	वर्ष–में	यहूदा–की	प्रजा
H2977		H3079	H7243	H8141	H3063	

בָּבֶל׃	מֶלֶךְ	לִנְבוּכַדְרֶאצַּר	הָרִאשֹׁנִית	הַשָּׁנָה	הִיא	יְהוּדָה	מֶלֶךְ
बाबेल–का	राजा	नबूकदनेस्सर–का	पहला	वर्ष	वह	यहूदा–के	राजा
H0894	H4428	H5019	H7224	H8141	H1931	H3063	H4428

योशिय्याह के पुत्र यहूदा के राजा यहोयाकीम के राज्य के चौथे वर्ष में जो बाबेल के राजा नबूकदनेस्सर के राज्य का पहला वर्ष था, यहोवा का जो वचन यिर्मयाह नबी के पास पहुँचा,

2

יְהוּדָה	עַם	כָּל־	עַל־	הַנָּבִיא	יִרְמְיָהוּ	דִּבֶּר	אֲשֶׁר
यहूदा–की	प्रजा	सब–	के–विषय–में–	नबी–ने	यिर्मयाह	कहा	जो
H3063		H3605		H5030	H3414	H1696	

לֵאמֹר׃	יְרוּשָׁלִַם	יֹשְׁבֵי	כָּל־	וְאֶל	
कहते–हुए	यरूशलेम–के	निवासियों–को	सब–	और–को	
H0559	H3389	H3427	H3605	H0413	

उसे यिर्मयाह नबी ने सब यहूदियों और यरूशलेम के सब निवासियों को बताया, वह यह है:

3

מֶלֶךְ	אָמוֹן	בֶּן־	לְיֹאשִׁיָּהוּ	שָׁנָה	עֶשְׂרֵה	שְׁלֹשׁ	מִן־
राजा	आमोन–के	पुत्र–	योशिय्याहू–के	वर्ष	वर्ष	तेरह	से–
H4428	H0526		H2977	H8141	H6240	H7969	

הָיָה	שָׁנָה	וְעֶשְׂרִים	שָׁלֹשׁ	זֶה	הַזֶּה	הַיּוֹם	וְעַד	יְהוּדָה
आया–है	वर्ष	और–बीस	तेईस	यह	इस	दिन	और–तक	यहूदा–के
H1961	H8141	H6242	H7969	H2088	H2088	H3117	H5704	H3063

וְדַבֵּר	אַשְׁכִּים	אֲלֵיכֶם	וָאֲדַבֵּר	אֵלַי	יְהוָה	דְּבַר־
और–बोला	सुबह–उठकर	तुमसे	और–बोला	मेरे–पास	यहोवा–का	वचन–
H1696	H7925	H0413	H1696	H0413	H3068	H1697

שְׁמַעְתֶּם׃	וְלֹא
सुना–तुमने	और–नहीं
H8085	H3808

“आमोन के पुत्र यहूदा के राजा योशिय्याह के राज्य के तेरहवें वर्ष से लेकर आज के दिन तक अर्थात् तेईस वर्ष से यहोवा का वचन मेरे पास पहुँचता आया है; और मैं उसे बड़े यत्न के साथ तुम से कहता आया हूँ; परन्तु तुम ने उसे नहीं सुना।

4

וְשָׁלַח֙ יְהוָ֔ה אֲלֵיכֶ֖ם אֶת־כָּל־עַבְדָּ֣יו הַנְּבִאִ֑ים
और-भेजा यहोवा-ने तुम्हारे-पास को- सब- अपने-दासों-को नबियों-को
H7971 H3068 H0413 H0853 H3605 H5650 H5030

וְשָׁלֹ֣חַ וְלֹֽא־הִטִּ֤יתֶם אֶת־אָזְנְכֶם֙ לִשְׁמֹ֔עַ׃
और-भेजकर और-नहीं झुकाया को- सुबह-उठकर सुना-तुमने और-नहीं को- सुनने-के-लिए अपने-कानों-को
H7971 H3808 H5186 H0853 H7925 H8085 H3808 H0853 H8085 H0241

यद्यपि यहोवा तुम्हारे पास अपने सारे दासों अथवा भविष्यद्वक्ताओं को भी यह कहने के लिये बड़े यत्न से भेजता आया है

5

לֵאמֹ֗ר שׁוּבוּ־נָ֤א אִישׁ֙ מִדַּרְכּ֣וֹ הָרָעָ֔ה וּמֵרֹ֖עַ
कहते-हुए लौटो- कृपया हरेक अपने-मार्ग-से बुरे और-से-बुराई
H0559 H7725 H4994 H0376 H1870 H7455

מַעַלְלֵיכֶ֑ם וּשְׁבוּ֙ עַל־הָאֲדָמָ֔ה אֲשֶׁ֨ר נָתַ֤ן יְהוָה֙ לָכֶ֔ם
तुम्हारे-कामों-की और-बसो पर- भूमि जो दी-है यहोवा-ने तुम्हें
H4611 H3427 H5921 H0127 H0834 H5414 H3068 H0853

וְלַאֲבֹתֵיכֶ֖ם מִן־עוֹלָ֥ם וְעַד־עוֹלָ֛ם׃
और-तुम्हारे-पूर्वजों-को से- अनन्तकाल और-तक- अनन्तकाल
H0001 H4480 H5769 H5704 H5769

कि ‘अपनी-अपनी बुरी चाल और अपने-अपने बुरे कामों से फिरो: तब जो देश यहोवा ने प्राचीनकाल में तुम्हारे पितरों को और तुम को भी सदा के लिये दिया है उस पर बसे रहने पाओगे; परन्तु तुम ने न तो सुना और न कान लगाया है।

6

וְאַל־תֵּלְכוּ֩ אַחֲרֵ֨י אֱלֹהִ֜ים אֲחֵרִ֗ים לָעָבְדָ֛ם
और-मत- चलो पीछे देवताओं दूसरों-के सेवा-करने-के-लिए-उनकी
H0408 H3212 H0310 H0430 H0312 H5647

וְלִֽהְשְׁתַּחֲוֹ֥ת לָהֶ֖ם וְלֹֽא־תַכְעִיסוּ֙ אוֹתִ֔י בְּמַעֲשֵׂ֖ה יְדֵיכֶ֑ם
और-दण्डवत्-करने-के-लिए उन्हें और-नहीं- क्रोधित-करो मुझे कार्यों-से
H7812 H3808 H3707 H0853 H4639

וְלֹ֥א אָרַ֖ע לָכֶֽם׃
और-नहीं हानि-पहुँचेगी तुम्हें
H3808 H3027

और दूसरे देवताओं के पीछे होकर उनकी उपासना और उनको दण्डवत् मत करो, और न अपनी बनाई हुई वस्तुओं के द्वारा मुझे रिस दिलाओ; तब मैं तुम्हारी कुछ हानि न करूँगा।'

7	וְלֹא־	שְׁמַעְתֶּם	אֵלַי	נְאֻם־	יְהוָה	לְמַעַן	]הכעסוני[
	और–नहीं–	सुना–तुमने	मेरी	वचन–	यहोवा–का	ताकि	क्रोधित–करो–मुझे
	H3808	H8085	H0413	H5002	H3068	H4616	H3707

ס	לָכֶם׃	לְרַע	יְדֵיכֶם	בְּמַעֲשֵׂה	)הַכְעִיסֵנִי(
—	तुम्हें	हानि–के–लिए	अपने–हाथों–के	कार्यों–से	क्रोधित–करो–मुझे
			H3027	H4639	H3707

यह सुनने पर भी तुम ने मेरी नहीं मानी, वरन् अपनी बनाई हुई वस्तुओं के द्वारा मुझे रिस दिलाते आए हो जिससे तुम्हारी हानि ही हो सकती है, यहोवा की यही वाणी है।

8	לָכֵן	כֹּה	אָמַר	יְהוָה	צְבָאוֹת	יַעַן	אֲשֶׁר	לֹא־
	इसलिए	यों	कहता–है	यहोवा	सेनाओं–का	इसलिए–कि	जो	नहीं–
		H3541	H0559	H3068		H3282		H3808

שְׁמַעְתֶּם	אֶת־	דְּבָרָי׃
सुना–तुमने	को–	मेरे–वचनों–को
H8085	H0853	H1697

"इसलिए सेनाओं का यहोवा यह कहता है: तुम ने जो मेरे वचन नहीं माने,

9	הִנְנִי	שֹׁלֵחַ	וְלָקַחְתִּי	כֹּל־	אֶת־	מִשְׁפְּחוֹת	צָפוֹן	נְאֻם־
	देखो–मैं	भेजता–हूँ	और–लूँगा	सब–	को–	कुलों–को	उत्तर–के	वचन–
	H2009	H7971	H3947	H3605	H0853	H4940	H6828	H5002

וַהֲבֵאתִים	עַבְדִּי	בָבֶל	מֶלֶךְ־	נְבוּכַדְרֶאצַּר	וְאֶל־	יְהוָה
और–लाऊँगा–उन्हें	मेरे–दास	बाबेल–के	राजा–	नबूकदनेस्सर	और–को–	यहोवा–का
H0935	H5650	H0894	H4428	H5019	H0413	H3068

הַגּוֹיִם	כֹּל־	וְעַל	יֹשְׁבֶיהָ	וְעַל־	הַזֹּאת	הָאָרֶץ	עַל־
जातियों	सब–	और–पर	उसके–निवासियों	और–पर–	इस	पृथ्वी	पर–
	H3605		H3427		H2063	H0776	

לְשַׁמָּה	וְשַׁמְתִּים	וְהַחֲרַמְתִּים	סָבִיב	הָאֵלֶּה	
वीरानी–को	और–बनाऊँगा–उन्हें	और–नाश–करूँगा–उन्हें	चारों–ओर	इन	
H8047			H5439	H0428	

עוֹלָם׃	וּלְחָרְבוֹת	וְלִשְׁרֵקָה	
सदा–के	और–खंडहरों–को	और–सीटी–को	
H5769	H2723	H8322	

इसलिए सुनो, मैं उत्तर में रहनेवाले सब कुलों को बुलाऊँगा, और अपने दास बाबेल के राजा नबूकदनेस्सर को बुलवा भेजूँगा; और उन सभी को इस देश और इसके निवासियों के विरुद्ध और इसके आस-पास की सब जातियों के विरुद्ध भी ले आऊँगा; और इन सब देशों का मैं सत्यानाश करके उन्हें ऐसा उजाड़ दूँगा कि लोग इन्हें देखकर ताली बजाएँगे; वरन् ये सदा उजड़े ही रहेंगे, यहोवा की यही वाणी है।

קוֹל	שִׂמְחָה	וְקוֹל	שָׂשׂוֹן	קוֹל	מְהֹם	וְהַאֲבַדְתִּי	10
आवाज़	हर्ष-की	और-आवाज़	आनन्द-की	आवाज़	उनसे	और-नाश-करूँगा	
	H8057		H8342		H1992	H0006	

נֵר׃	וְאוֹר	רֵחַיִם	קוֹל	כַּלָּה	וְקוֹל	חָתָן
दीपक-की	और-रोशनी	चक्की-की	आवाज़	दुल्हन-की	और-आवाज़	दूल्हे-की
	H0216	H7347		H3618		H2860

और मैं ऐसा करूँगा कि इनमें न तो हर्ष और न आनन्द का शब्द सुनाई पड़ेगा, और न दुल्हे या दुल्हन का, और न चक्की का भी शब्द सुनाई पड़ेगा और न इनमें दिया जलेगा। (प्रका. 18:22,23)

וְעָבְדוּ	לְשַׁמָּה	לְחָרְבָה	הַזֹּאת	הָאָרֶץ	כָּל־	וְהָיְתָה	11
और-सेवा-करेंगे	वीरानी-को	खंडहर-को	यह	पृथ्वी	सब-	और-होगी	
H5647	H8047	H2723	H2063	H0776	H3605	H1961	

שָׁנָה׃	שִׁבְעִים	בָּבֶל	מֶלֶךְ	אֶת־	הָאֵלֶּה	הַגּוֹיִם
वर्ष	सत्तर	बाबेल-के	राजा-की	को-	ये	जातियाँ
H8141	H7657	H0894	H4428	H0853	H0428	

सारी जातियों का यह देश उजाड़ ही उजाड़ होगा, और ये सब जातियाँ सत्तर वर्ष तक बाबेल के राजा के अधीन रहेंगी।

בָּבֶל׀	מֶלֶךְ־	עַל־	אֶפְקֹד	שָׁנָה	שִׁבְעִים	כִּמְלֹאות	וְהָיָה	12
बाबेल-के	राजा-	को-	दण्ड-दूँगा	वर्ष	सत्तर	पूरे-होने-पर	और-होगा	
H0894	H4428			H8141	H7657	H4390	H1961	

וְעַל־	עֲוֹנָם	אֶת־	יְהוָה	נְאֻם־	הַהוּא	הַגּוֹי	וְעַל־
और-को-	उनके-अधर्म-को	को-	यहोवा-का	वचन-	उस	जाति-को	और-को-
	H5771	H0853	H3068	H5002	H1931		

עוֹלָם׃	לְשִׁמְמוֹת	אֹתוֹ	וְשַׂמְתִּי	כַּשְׂדִּים	אֶרֶץ
सदा-के	वीरानियों-को	उसे	और-बनाऊँगा	कस्दियों-के	देश
H5769		H0853		H3778	H0776

जब सत्तर वर्ष बीत चुकें, तब मैं बाबेल के राजा और उस जाति के लोगों और कसदियों के देश के सब निवासियों को अधर्म का दण्ड दूँगा, यहोवा की यह वाणी है; और उस देश को सदा के लिये उजाड़ दूँगा।

13

כָּל־	אֶת־	הַהִוא	הָאָרֶץ	עַל־	(וְהֵבֵאתִי)	[והבאתי]
सब–	को–	उस	पृथ्वी	पर–	और–लाऊँगा	और–लाऊँगा
H3605	H0853	H1931	H0776		H0935	H0935

הַכְּתוּבָה	כָּל־	אֶת	עָלֶיהָ	דִּבַּרְתִּי	אֲשֶׁר־	דִּבְרֵי
जो–लिखा–है	सब–	को	उसके–विरुद्ध	बोला–है	जो–	मेरे–वचनों–को
H3789	H3605	H0853		H1696		H1697

כָּל־	עַל־	יִרְמְיָהוּ	נָבָא	אֲשֶׁר־	הַזֶּה	בַּסֵּפֶר
सब–	के–विरुद्ध–	यिर्मयाह–ने	भविष्यवाणी–की–है	जो–	इस	पुस्तक–में
H3605		H3414	H5012		H2088	

הַגּוֹיִם׃
जातियों–के

मैं उस देश में अपने वे सब वचन पूरे करूँगा जो मैंने उसके विषय में कहे हैं, और जितने वचन यिर्मयाह ने सारी जातियों के विरुद्ध भविष्यद्वाणी करके पुस्तक में लिखे हैं।

14

וּמְלָכִים	רַבִּים	גּוֹיִם	הֵמָּה	גַּם־	בָּם	עָבְדוּ־	כִּי
और–राजा	बड़ी	जातियाँ	वे	भी–	उनसे	सेवा–करेंगे–	क्योंकि
H4428			H1992	H1571		H5647	

וּכְמַעֲשֵׂה	כְפָעֳלָם	לָהֶם	וְשִׁלַּמְתִּי	גְּדוֹלִים
और–कार्य–के–अनुसार	उनके–कार्य–के–अनुसार	उन्हें	और–बदला–दूँगा	बड़े
H4639	H6467			

ס	יְדֵיהֶם׃
—	उनके–हाथों–के
	H3027

क्योंकि बहुत सी जातियों के लोग और बड़े-बड़े राजा भी उनसे अपनी सेवा कराएँगे; और मैं उनको उनकी करनी का फल भुगतवाऊँगा।”

15

אֶת־	קַח	אֵלַי	יִשְׂרָאֵל	אֱלֹהֵי	יְהוָה	אָמַר	כֹּה	כִּי
को–	ले	मुझसे	इस्राएल–के	एलोहीम	यहोवा–ने	कहा–है	यों	क्योंकि
H0853	H3947	H0413	H3478	H0430	H3068	H0559	H3541	

אֶת־	אֹתוֹ	וְהַשְׁקִיתָה	מִיָּדִי	הַזֹּאת	הַחֵמָה	הַיַּיִן	כּוֹס
को–	उसे	और–पिला	मेरे–हाथ–से	यह	क्रोध–की	दाखमधु–की	प्याला
H0853	H0853	H8248	H3027	H2063	H2534	H3196	

אֲלֵיהֶם׃	אוֹתָךְ	שֹׁלֵחַ	אָנֹכִי	אֲשֶׁר	הַגּוֹיִם	כָּל־
उनके–पास	तुझे	भेजता–हूँ	मैं	जिनके–पास	जातियों–को	सब–
H0413	H0853	H7971	H0595			H3605

इस्राएल के परमेश्वर यहोवा ने मुझसे यह कहा, “मेरे हाथ से इस जलजलाहट के दाखमधु का कटोरा लेकर उन सब जातियों को पिला दे जिनके पास मैं तुझे भेजता हूँ। (प्रका. 14:10, प्रका. 15:7 प्रका. 16:19)

16 וְשָׁתּוּ וְהִתְגֹּעֲשׁוּ וְהִתְהֹלָלוּ מִפְּנֵי הַחֶרֶב אֲשֶׁר
और-पिएँ और-डगमगाएँ और-पागल-हो-जाएँ के-कारण तलवार-के जिसे
H8354 H1607 H6440 H2719

אָנֹכִי שֹׁלֵחַ בֵּינָתָם׃
मैं भेजता-हूँ उनके-बीच
H0595 H7971 H0996

वे उसे पीकर उस तलवार के कारण जो मैं उनके बीच में चलाऊँगा लड़खड़ाएँगे और बावले हो जाएँगे।”

17 וָאֶקַּח אֶת־הַכּוֹס מִיַּד יְהוָה וָאַשְׁקֶה אֶת־כָּל־
और-लिया को- प्याला हाथ-से यहोवा-के और-पिलाया को- सब-
H3947 H0853 H3027 H3068 H8248 H0853 H3605

הַגּוֹיִם אֲשֶׁר־ שְׁלָחַנִי יְהוָה אֲלֵיהֶם׃
जातियों-को जिनके-पास- भेजा-था यहोवा-ने उनके-पास
H7971 H3068 H0413

इसलिए मैंने यहोवा के हाथ से वह कटोरा लेकर उन सब जातियों को जिनके पास यहोवा ने मुझे भेजा, पिला दिया।

18 אֶת־ יְרוּשָׁלַ͏ִם וְאֶת־ עָרֵי יְהוּדָה וְאֶת־ מְלָכֶיהָ
को- यरूशलेम और-को- नगरों-को यहूदा-के और-को- उसके-राजाओं-को
H0853 H3389 H0853 H3063 H0853 H4428

אֶת־ שָׂרֶיהָ לָתֵת אֹתָם לְחָרְבָּה לְשַׁמָּה לִשְׁרֵקָה
को- उसके-सरदारों-को देने-के-लिए उन्हें खंडहर-को वीरानी-को सीटी-को
H0853 H8269 H5414 H0853 H2723 H8047 H8322

וְלִקְלָלָה כַּיּוֹם הַזֶּה׃
और-शाप-को दिन-जैसे इस
H7045 H3117 H2088

अर्थात् यरूशलेम और यहूदा के नगरों के निवासियों को, और उनके राजाओं और हाकिमों को पिलाया, ताकि उनका देश उजाड़ हो जाए और लोग ताली बजाएँ, और उसकी उपमा देकर श्राप दिया करें; जैसा आजकल होता है।

19 אֶת־ פַּרְעֹה֙ מֶלֶךְ־ מִצְרַ֔יִם וְאֶת־ עֲבָדָ֖יו וְאֶת־ כָּל־ שָׂרָ֑יו וְאֶת־ כָּל־ עַמּ֖וֹ׃

को– फिरौन राजा– मिस्र-के और-को– उसके-दासों-को और-को– सब– उसकी-प्रजा-को

H0853 H6547 H4428 H4714 H0853 H5650 H0853 H3605

और मिस्र के राजा फ़िरौन और उसके कर्मचारियों, हाकिमों, और सारी प्रजा को;

20 וְאֶת־ כָּל־ הָעֵרֶב֙ וְאֶת־ כָּל־ מַלְכֵ֣י אֶ֔רֶץ הָעוּץ֙ וְאֶת־ כָּל־ מַלְכֵ֣י אֶ֔רֶץ פְּלִשְׁתִּ֖ים וְאֶת־ אַשְׁקְלֹ֑ון וְאֶת־ עֶקְרֹ֔ון וְאֶת־ שְׁאֵרִ֖ית אַשְׁדּֽוֹד׃

और-को सब– मिश्रित-लोगों-को और-को सब– राजाओं-को देश-के ऊस-के और-को सब– राजाओं-को देश-के पलिश्तियों-के और-को– अशकेलोन और-को बचे-हुओं-को अशदोद-के और-को एक्रोन और-को– अज्जा और-को–

H0853 H3605 H0853 H3605 H4428 H0776 H5780 H0853 H3605 H4428 H0776 H6430 H0853 H0831 H0853 H7611 H0795 H0853 H6138 H0853 H5804 H0853

और सब विदेशी मनुष्यों की जातियों को और ऊस देश के सब राजाओं को; और पलिश्तियों के देश के सब राजाओं को और अश्कलोन, गाज़ा और एक्रोन के और अश्दोद के बचे हुए लोगों को;

21 וְאֶת־ אֱדֹ֔ום וְאֶת־ מֹואָ֖ב וּבְנֵ֣י עַמֹּ֑ון׃

को– एदोम और-को– मोआब और-को– पुत्रों-को अम्मोन-के

H0853 H0123 H0853 H4124 H0853 H5983

और एदोमियों, मोआबियों और अम्मोनियों के सारे राजाओं को;

22 וְאֶת־ כָּל־ מַלְכֵ֣י צֹ֔ור וְאֶת־ כָּל־ מַלְכֵ֖י צִידֹ֑ון וְאֶת־ מַלְכֵ֣י הָאִ֔י אֲשֶׁ֖ר בְּעֵ֥בֶר הַיָּֽם׃

और-को सब– राजाओं-को– सोर और-को सब– राजाओं-को सीदोन-के और-को द्वीप-के जो पार-में समुद्र-के

H0853 H3605 H4428 H6865 H0853 H3605 H4428 H6721 H0853 H0339 H0834 H5676 H3220

और सोर के और सीदोन के सब राजाओं को, और समुद्र पार के देशों के राजाओं को;

23

כָּל־	וְאֵת	בּוּז	וְאֶת־	תֵּימָא	וְאֶת־	דְּדָן	וְאֶת־
सब–	और–को	बूज़	और–को–	तेमा	और–को–	ददान	और–को–
H3605	H0853	H0938	H0853	H8485	H0853		H0853

פְּאָה׃	קְצוּצֵי
कनपटी–के	कटे–हुओं–को
H6285	H7112

फिर ददानियों, तेमाइयों और बूजियों को और जितने अपने गाल के बालों को मुँण्डा डालते हैं, उन सभी को भी;

24

מַלְכֵי	כָּל־	וְאֵת	עֲרָב	מַלְכֵי	כָּל־	וְאֵת
राजाओं–को	सब–	और–को	अरब–के	राजाओं–को	सब–	और–को
H4428	H3605	H0853		H4428	H3605	H0853

בַּמִּדְבָּר׃	הַשֹּׁכְנִים	הָעֲרֵב
जंगल–में	जो–बसते–हैं	मिश्रित–लोगों–के
	H7931	

और अरब के सब राजाओं को और जंगल में रहनेवाले दोगले मनुष्यों के सब राजाओं को;

25

עֵילָם	מַלְכֵי	כָּל־	וְאֵת	זִמְרִי	מַלְכֵי	כָּל־	וְאֵת
एलाम–के	राजाओं–को	सब–	और–को	ज़िम्री	राजाओं–को	सब–	और–को
	H4428	H3605	H0853		H4428	H3605	H0853

מָדָי׃	מַלְכֵי	כָּל־	וְאֵת
मादी–के	राजाओं–को	सब–	और–को
H4074	H4428	H3605	H0853

और जिम्री, एलाम और मादै के सब राजाओं को;

26

אֶל־	אִישׁ	וְהָרְחֹקִים	הַקְּרֹבִים	הַצָּפוֹן	מַלְכֵי	כָּל־	וְאֵת
को–	एक	और–दूर–के	निकट–के	उत्तर–के	राजाओं–को	सब–	और–को
H0413	H0376	H7350	H7138	H6828	H4428	H3605	H0853

פְּנֵי	עַל־	אֲשֶׁר	הָאָרֶץ	הַמַּמְלָכוֹת	כָּל־	וְאֵת	אָחִיו
चेहरे	पर–	जो	पृथ्वी–के	राज्यों–को	सब–	और–को	दूसरे–को
H6440			H0776	H4467	H3605	H0853	H0251

אַחֲרֵיהֶם׃	יִשְׁתֶּה	שֵׁשַׁךְ	וּמֶלֶךְ	הָאֲדָמָה
उनके–बाद	पिएगा	शेशक	और–राजा	भूमि–के
	H8354	H8347	H4428	H0127

और क्या निकट क्या दूर के उत्तर दिशा के सब राजाओं को एक संग पिलाया, इस प्रकार धरती भर में रहनेवाले जगत के राज्यों के सब लोगों को मैंने पिलाया। और इन सब के बाद शेशक के राजा को भी पीना पड़ेगा।

27 וְאָמַרְתָּ֣ אֲלֵיהֶ֗ם כֹּֽה־ אָמַר֙ יְהוָ֣ה צְבָא֣וֹת אֱלֹהֵ֣י
और-कहना उनसे यों- कहता-है यहोवा सेनाओं-का एलोहीम
H0559 H0413 H3541 H0559 H3068 H0430

יִשְׂרָאֵ֔ל שְׁתּ֥וּ וְשִׁכְר֖וּ וְקִיּ֣וּ וְנִפְל֑וּ וְלֹ֥א
इस्राएल-का पियो और-मतवाले-हो-जाओ और-उलटी-करो और-गिरो और-नहीं
H3478 H8354 H7937 H7006 H5307 H3808

תָקֻ֣מוּ מִפְּנֵ֣י הַחֶ֔רֶב אֲשֶׁ֥ר אָנֹכִ֖י שֹׁלֵ֣חַ בֵּינֵיכֶֽם׃
उठोगे के-कारण तलवार-के जिसे मैं भेजता-हूँ तुम्हारे-बीच
H6440 H2719 H0595 H7971 H0996

“तब तू उनसे यह कहना, ‘सेनाओं का यहोवा जो इस्राएल का परमेश्वर है, यह कहता है, पीओ, और मतवाले हो और उलटी करो, गिर पड़ो और फिर कभी न उठो, क्योंकि यह उस तलवार के कारण से होगा जो मैं तुम्हारे बीच में चलाऊँगा।’ (प्रका. 18:3)

28 וְהָיָ֗ה כִּֽי־ יְמָאֲנ֤וּ לָקַחַת֙ הַכּ֣וֹס מִיָּדְךָ֔ לִשְׁתּ֑וֹת
और-होगा जब मना-करें लेने-से- प्याला तेरे-हाथ-से पीने-के-लिए
H1961 H3985 H3947 H3027 H8354

וְאָמַרְתָּ֣ אֲלֵיהֶ֗ם כֹּֽה־ אָמַ֤ר יְהוָה֙ צְבָא֣וֹת שָׁת֣וֹ תִשְׁתּֽוּ׃
तो-कहना उनसे यों कहता-है यहोवा सेनाओं-का पीना-ही- पियोगे
H0559 H0413 H3541 H0559 H3068 H8354 H8354

“यदि वे तेरे हाथ से यह कटोरा लेकर पीने से इन्कार करें तो उनसे कहना, ‘सेनाओं का यहोवा यह कहता है कि तुम को निश्चय पीना पड़ेगा।

29

אָנֹכִי	עָלֶיהָ	שְׁמִי	נִקְרָא־	אֲשֶׁר	בָּעִיר	הִנֵּה	כִּי
मैं	उस-पर	मेरा-नाम	पुकारा-जाता-है-	जिस	नगर-से	देखो	क्योंकि
H0595		H8034	H7121			H2009	

תִּנָּקוֹ	לֹא	תִנָּקוֹ	הִנָּקֶה	וְאַתֶּם	לְהָרַע	מֵחֵל
निर्दोष-होगे	नहीं	निर्दोष-होगे	निर्दोषता-से-	और-तुम	हानि-पहुँचाने	शुरू-करता-हूँ
H5352	H3808	H5352	H5352			

הָאָרֶץ	יֹשְׁבֵי	כָּל־	עַל־	קֹרֵא	אֲנִי	חֶרֶב	כִּי
पृथ्वी-के	निवासियों-को	सब-	पर-	बुलाता-हूँ	मैं	तलवार	क्योंकि
H0776	H3427	H3605		H7121	H0589	H2719	

צְבָאוֹת׃	יְהוָה	נְאֻם
सेनाओं-का	यहोवा	वचन
	H3068	H5002

देखो, जो नगर मेरा कहलाता है, मैं पहले उसी में विपत्ति डालने लगूँगा, फिर क्या तुम लोग निर्दोष ठहरके बचोगे? तुम निर्दोष ठहरके न बचोगे, क्योंकि मैं पृथ्वी के सब रहनेवालों पर तलवार चलाने पर हूँ, सेनाओं के यहोवा की यही वाणी है।' (1 पत. 4:17)

30

הָאֵלֶּה	הַדְּבָרִים	כָּל־	אֶת	אֲלֵיהֶם	תִּנָּבֵא	וְאַתָּה
इन	वचनों	सब-	को	उनसे	भविष्यवाणी-कर	और-तू
H0428	H1697	H3605	H0853	H0413	H5012	

קָדְשׁוֹ	וּמִמְּעוֹן	יִשְׁאָג	מִמָּרוֹם	יְהוָה	אֲלֵיהֶם	וְאָמַרְתָּ
अपनी-पवित्रता-के	और-से-निवास	गरजेगा	उच्च-से	यहोवा	उनसे	और-कहना
H6944	H4583	H7580	H4791	H3068	H0413	H0559

הֵידָד	נָוֵהוּ	עַל־	יִשְׁאַג	שָׁאֹג	קוֹלוֹ	יִתֵּן
जयकार	अपनी-चराई-पर	पर-	गरजेगा	गरजकर-	अपनी-आवाज़	देगा
H1959			H7580	H7580		H5414

הָאָרֶץ׃	יֹשְׁבֵי	כָּל־	אֶל	יַעֲנֶה	כְּדֹרְכִים
पृथ्वी-के	निवासियों-को	सब-	को	उत्तर-देगा	दाखरस-कूटनेवालों-जैसा
H0776	H3427	H3605	H0413		H1869

"इतनी बातें भविष्यद्वाणी की रीति पर उनसे कहकर यह भी कहना, ' यहोवा ऊपर से गरजेगा, और अपने उसी पवित्र धाम में से अपना शब्द सुनाएगा; वह अपनी चराई के स्थान के विरुद्ध जोर से गरजेगा; वह पृथ्वी के सारे निवासियों के विरुद्ध भी दाख लताड़नेवालों के समान ललकारेगा। (प्रका. 10:11)

לַיהוָה	רִיב	כִּי	הָאָרֶץ	קִצֵּה	עַד־	שָׁאוֹן	בָּא	31
यहोवा–को	विवाद	क्योंकि	पृथ्वी–के	छोर	तक–	शोर	आया–है	
H3068	H7379		H0776		H5704	H7588	H0935	

הָרְשָׁעִים	בָּשָׂר	לְכֹל־	הִוא	נִשְׁפָּט	בַּגּוֹיִם
दुष्टों–को	शरीर–के–साथ	सब–	वह	न्याय–करता–है	जातियों–के–साथ
H7563	H1320	H3605	H1931	H8199	

ס	יְהוָה׃	נְאֻם־	לַחֶרֶב	נְתָנָם
—	यहोवा–का	वचन–	तलवार–को	दे–दिया–है–उन्हें
	H3068	H5002	H2719	H5414

पृथ्वी की छोर तक भी कोलाहल होगा, क्योंकि सब जातियों से यहोवा का मुकद्दमा है; वह सब मनुष्यों से वाद-विवाद करेगा, और दुष्टों को तलवार के वश में कर देगा।’

מִגּוֹי	יֹצֵאת	רָעָה	הִנֵּה	צְבָאוֹת	יְהוָה	אָמַר	כֹּה	32
जाति–से	निकलती–है	विपत्ति	देखो	सेनाओं–का	यहोवा	कहता–है	यों	
	H3318		H2009		H3068	H0559	H3541	

אֶרֶץ׃	מִיַּרְכְתֵי־	יֵעוֹר	גָּדוֹל	וְסַעַר	גּוֹי	אֶל־
पृथ्वी–के	कोनों–से–	उठाया–जाएगा	बड़ा	और–बवंडर	जाति	को–
H0776	H3411	H5782				H0413

“सेनाओं का यहोवा यह कहता है: देखो, विपत्ति एक जाति से दूसरी जाति में फैलेगी, और बड़ी आँधी पृथ्वी की छोर से उठेगी!

וְעַד־	הָאָרֶץ	מִקְצֵה	הַהוּא	בַּיּוֹם	יְהוָה	חַלְלֵי	וְהָיוּ	33
और–तक–	पृथ्वी–के	से–छोर	उस	दिन–में	यहोवा–के	मारे–गए	और–होंगे	
H5704	H0776		H1931	H3117	H3068		H1961	

יֵאָסְפוּ	וְלֹא	יִסָּפְדוּ	לֹא	הָאָרֶץ	קִצֵּה
इकट्ठे–किए–जाएंगे	और–नहीं	शोक–मनाया–जाएगा	नहीं	पृथ्वी–के	छोर
H0622	H3808	H5594	H3808	H0776	

יִהְיוּ׃	הָאֲדָמָה	פְּנֵי	עַל־	לְדֹמֶן	יִקָּבְרוּ	וְלֹא
होंगे	भूमि–के	चेहरे	पर–	गोबर–की–तरह	दफनाए–जाएंगे	और–नहीं
H1961	H0127	H6440		H1828	H6912	H3808

उस समय यहोवा के मारे हुओं की लोथें पृथ्वी की एक छोर से दूसरी छोर तक पड़ी रहेंगी। उनके लिये कोई रोने-पीटनेवाला न रहेगा, और उनकी लोथें न तो बटोरी जाएँगी और न कब्रों में रखी जाएँगी; वे भूमि के ऊपर खाद के समान पड़ी रहेंगी।

34 הֵילִילוּ הָרֹעִים וְזַעֲקוּ וְהִתְפַּלָּשׁוּ אַדִּירֵי הַצֹּאן כִּי־
हाय-करो चरवाहो और-चिल्लाओ और-लोटो शक्तिशाली भेड़ों-के क्योंकि-
H3213 H7462 H2199 H6428 H0117 H6629

מָלְאוּ יְמֵיכֶם וְתִפּוּצוֹתֵיכֶם לִטְבֹחַ וְנִפַּלְתֶּם
पूरे-हुए-हैं तुम्हारे-दिन वध-के-लिए और-तुम्हारा-तितर-बितर-होना और-गिरोगे
H4390 H3117 H2873 H8600 H5307

כִּכְלִי חֶמְדָּה׃
जैसे-बर्तन कीमती
H3627

हे चरवाहों, हाय-हाय करो और चिल्लाओ, हे बलवन्त मेढ़ों और बकरो, राख में लौटो, क्योंकि तुम्हारे वध होने के दिन आ पहुँचे हैं, और मैं मनोहर बर्तन के समान तुम्हारा सत्यानाश करूँगा। (याकू. 5:5)

35 וְאָבַד מָנוֹס מִן־הָרֹעִים וּפְלֵיטָה מֵאַדִּירֵי
और-नहीं-रहेगा शरण से- चरवाहों-के-लिए और-बचाव शक्तिशालियों-से
H0006 H4498 H6413 H0117

הַצֹּאן׃
भेड़ों-के
H6629

उस समय न तो चरवाहों के भागने के लिये कोई स्थान रहेगा, और न बलवन्त मेढ़े और बकरे भागने पाएँगे।

36 קוֹל צַעֲקַת הָרֹעִים וִילֵלַת אַדִּירֵי הַצֹּאן כִּי־
आवाज़ चीख-की चरवाहों-की और-हाय शक्तिशालियों-की भेड़ों-के क्योंकि-
H6818 H3215 H0117 H6629

שָׁדַד יְהוָה אֶת־מִרְעִיתָם׃
उजाड़-रहा-है यहोवा को- उनकी-चराई-को
H7703 H3068 H0853 H4830

चरवाहों की चिल्लाहट और बलवन्त मेढ़ों और बकरों के मिमियाने का शब्द सुनाई पड़ता है! क्योंकि यहोवा उनकी चराई को नाश करेगा,

37 וְנָדְמוּ נְאוֹת הַשָּׁלוֹם מִפְּנֵי חֲרוֹן אַף־יְהוָה׃
और-शान्त-कर-दी-गई-हैं चराइयाँ शान्ति-की के-कारण जलन क्रोध- यहोवा-के
H1820 H5999 H7965 H6440 H2740 H0639 H3068

और यहोवा के क्रोध भड़कने के कारण शान्ति के स्थान नष्ट हो जाएँगे, जिन वासस्थानों में अब शान्ति है, वे नष्ट हो जाएँगे।

אַרְצָם	הָיְתָה	כִּי־	סְכֻּו	כַּכְּפִיר	עָזַב	38
उनकी–भूमि	हो–गई–है	क्योंकि–	अपनी–माँद	जवान–शेर–की–तरह	छोड़–दिया–है	
H0776	H1961		H5520			

אַפּוֹ׃	חֲרוֹן	וּמִפְּנֵי	הַיּוֹנָה	חֲרוֹן	מִפְּנֵי	לְשַׁמָּה
उसके–क्रोध–के	जलन	और–के–कारण	अत्याचारी–के	जलन	के–कारण	वीरानी–को
H0639	H2740	H6440	H3238	H2740	H6440	H8047

פ

युवा सिंह के समान वह अपने ठौर को छोड़कर निकलता है, क्योंकि अंधेर करनेवाली तलवार और उसके भड़के हुए कोप के कारण उनका देश उजाड़ हो गया है।”

Chapter 26

יְהוּדָה	מֶלֶךְ	יֹאשִׁיָּהוּ	בֶּן־	יְהוֹיָקִים	מַמְלְכוּת	בְּרֵאשִׁית	1
यहूदा–के	राजा	योशिय्याहू–के	पुत्र–	यहोयाकीम–के	राज्य–के	शुरू–में	
H3063	H4428	H2977		H3079	H4468	H7225	

לֵאמֹר׃	יְהוָה	מֵאֵת	הַזֶּה	הַדָּבָר	הָיָה
कहते–हुए	यहोवा	से	यह	वचन	आया
H0559	H3068	H0854	H2088	H1697	H1961

योशिय्याह के पुत्र यहूदा के राजा यहोयाकीम के राज्य के आरम्भ में, यहोवा की ओर से यह वचन पहुँचा,

וְדַבֵּרְתָּ	יְהוָה	בֵּית־	בַּחֲצַר	עֲמֹד	יְהוָה	אָמַר	וְכֹה	2
और–बोल	यहोवा–के	भवन–	आँगन–में	खड़े–रह	यहोवा	कहता–है	यों	
H1696	H3068			H5975	H3068	H0559	H3541	

לְהִשְׁתַּחֲוֹת	הַבָּאִים	יְהוּדָה	עָרֵי	כָּל־	עַל־	
दण्डवत्–करने–के–लिए	जो–आते–हैं	यहूदा–के	नगरों–को	सब–	के–विषय–में–	
H7812	H0935	H3063		H3605		

צִוִּיתִיךָ	אֲשֶׁר	הַדְּבָרִים	כָּל־	אֶת	יְהוָה	בֵּית־	
आज्ञा–दी–है–तुझे	जो	वचनों	सब–	को	यहोवा–के	भवन–	
H6680		H1697	H3605	H0853	H3068		

דָּבָר׃	תִּגְרַע	אַל־	אֲלֵיהֶם	לְדַבֵּר	
वचन	घटा	मत–	उनसे	बोलने–के–लिए	
H1697	H1639	H0408	H0413	H1696	

“यहोवा यह कहता है: यहोवा के भवन के आँगन में खड़ा होकर, यहूदा के सब नगरों के लोगों के सामने जो यहोवा के भवन में दण्डवत् करने को आएँ, ये वचन जिनके विषय उनसे कहने की आज्ञा मैं तुझे देता हूँ कह दे; उनमें से कोई वचन मत रख छोड़।

3 אוּלַי יִשְׁמְעוּ וְיָשֻׁבוּ אִישׁ מִדַּרְכּוֹ הָרָעָה וְנִחַמְתִּי
शायद सुनें और-फिरें हरेक अपने-मार्ग-से बुरे और-पछताऊँगा
H0194 H8085 H7725 H0376 H1870 H7455 H5162

אֶל־ הָרָעָה אֲשֶׁר אָנֹכִי חֹשֵׁב לַעֲשׂוֹת לָהֶם מִפְּנֵי
से- विपत्ति जो मैं सोचता-हूँ करने-को उनके-लिए के-कारण
H0413 H7455 H0595 H2803 H6440

רֹעַ מַעַלְלֵיהֶם׃
बुराई उनके-कामों-की
H7455 H4611

सम्भव है कि वे सुनकर अपनी-अपनी बुरी चाल से फिरें और मैं उनकी हानि करने से पछताऊँ जो उनके बुरे कामों के कारण मैंने ठाना था।

4 וְאָמַרְתָּ אֲלֵיהֶם כֹּה יֹאמַר יְהוָה אִם־ לֹא תִשְׁמְעוּ
और-कहना उनसे यों कहता-है यहोवा अगर- नहीं सुनोगे
H0559 H0413 H3541 H0559 H3068 H3808 H8085

לְפָנַיכֶם׃ נָתַתִּי אֲשֶׁר בְּתוֹרָתִי לָלֶכֶת אֲלֵי
तुम्हारे-सामने रखा-है जो मेरी-व्यवस्था-में चलने-के-लिए मेरी
H6440 H5414 H8451 H3212 H0413

इसलिए तू उनसे कह, ‘यहोवा यह कहता है: यदि तुम मेरी सुनकर मेरी व्यवस्था के अनुसार जो मैंने तुम को सुनवा दी है न चलो,

5 לִשְׁמֹעַ עַל־ דִּבְרֵי עַבָדַי הַנְּבִאִים אֲשֶׁר אָנֹכִי שֹׁלֵחַ
सुनने-के-लिए पर- वचनों-को दासों-के नबियों-के जिन्हें मैं भेजता-हूँ
H8085 H5921 H1697 H5650 H5030 H0834 H0595 H7971

שְׁמַעְתֶּם׃ וְלֹא וְהַשְׁכֵּם וְשָׁלֹחַ אֲלֵיכֶם
सुना-तुमने और-नहीं और-सुबह-उठकर और-भेजकर तुम्हारे-पास
H8085 H3808 H7925 H7971 H0413

और न मेरे दास भविष्यद्वक्ताओं के वचनों पर कान लगाओ, (जिन्हें मैं तुम्हारे पास बड़ा यत्न करके भेजता आया हूँ, परन्तु तुम ने उनकी नहीं सुनी),

6	וְנָתַתִּי	אֶת־	הַבַּיִת	הַזֶּה	כְּשִׁלֹה	וְאֶת־	הָעִיר	]הזאתה[
	तो-दे-दूँगा	को-	भवन	इस	शीलो-जैसा	और-को-	नगर	यह
	H5414	H0853		H2088	H7887	H0853		H2063

אֶתֵּן	לִקְלָלָה	לְכֹל	גּוֹיֵי	הָאָרֶץ׃	ס	
दे-दूँगा	शाप-के-लिए	सब-के-लिए	जातियों-को	पृथ्वी-की	—	
H5414	H7045	H3605		H0776		

)הַזֹּאת(	אֶתֵּן	לִקְלָלָה	לְכֹל	גּוֹיֵי	הָאָרֶץ׃	ס
यह	दे-दूँगा	शाप-के-लिए	सब-के-लिए	जातियों-को	पृथ्वी-की	—
H2063	H5414	H7045	H3605		H0776	

तो मैं इस भवन को शीलो के समान उजाड़ दूँगा, और इस नगर का ऐसा सत्यानाश कर दूँगा कि पृथ्वी की सारी जातियों के लोग उसकी उपमा दे देकर श्राप दिया करेंगे।'"

7	וַיִּשְׁמְעוּ	הַכֹּהֲנִים	וְהַנְּבִאִים	וְכָל־	הָעָם	אֶת־	יִרְמְיָהוּ
	और-सुना	याजकों-ने	और-नबियों-ने	और-सब-	प्रजा-ने	को-	यिर्मयाह
	H8085	H3548	H5030	H3605		H0853	H3414

מְדַבֵּר	אֶת־	הַדְּבָרִים	הָאֵלֶּה	בְּבֵית	יְהוָה׃	
बोलते-हुए	को-	वचनों	इन	भवन-में	यहोवा-के	
H1696	H0853	H1697	H0428		H3068	

जब यिर्मयाह ये वचन यहोवा के भवन में कह रहा था, तब याजक और भविष्यद्वक्ता और सब साधारण लोग सुन रहे थे।

8	וַיְהִי	כְּכַלּוֹת	יִרְמְיָהוּ	לְדַבֵּר	אֵת	כָּל־	אֲשֶׁר־
	और-हुआ	पूरा-करने-पर	यिर्मयाह-के	बोलने-को	को	सब-	जो-
	H1961	H3615	H3414	H1696	H0853	H3605	

צִוָּה	יְהוָה	לְדַבֵּר	אֶל־	כָּל־	הָעָם	וַיִּתְפְּשׂוּ	אֹתוֹ
आज्ञा-दी-थी	यहोवा-ने	बोलने-के-लिए	को-	सब-	प्रजा-के	तो-पकड़ा	उसे
H6680	H3068	H1696	H0413	H3605		H8610	H0853

הַכֹּהֲנִים	וְהַנְּבִאִים	וְכָל־	הָעָם	לֵאמֹר	מוֹת	תָּמוּת׃
याजकों-ने	और-नबियों-ने	और-सब-	प्रजा-ने	कहते-हुए	मरना-ही-	मरेगा-तू
H3548	H5030	H3605		H0559	H4191	H4191

जब यिर्मयाह सब कुछ जिसे सारी प्रजा से कहने की आज्ञा यहोवा ने दी थी कह चुका, तब याजकों और भविष्यद्वक्ताओं और सब साधारण लोगों ने यह कहकर उसको पकड़ लिया, "निश्चय तुझे प्राणदण्ड मिलेगा!

9

מַדּוּעַ	נִבֵּיתָ	בְּשֵׁם־	יְהוָה	לֵאמֹר	כְּשִׁלוֹ	יִהְיֶה
क्यों	भविष्यवाणी–की–है–तूने	नाम–से–	यहोवा–के	कहते–हुए	शीलो–जैसा	होगा
H4069	H5012	H8034	H3068	H0559	H7887	H1961

הַבַּיִת	הַזֶּה	וְהָעִיר	הַזֹּאת	תֶּחֱרַב	מֵאֵין	יוֹשֵׁב
भवन	यह	और–नगर	यह	उजड़–हो–जाएगा	बिना	निवासी–के
	H2088		H2063		H0369	H3427

וַיִּקָּהֵל	כָּל־	הָעָם	אֶל־	יִרְמְיָהוּ	בְּבֵית	יְהוָה׃
और–इकट्ठा–हुई	सब–	प्रजा	पास–	यिर्मयाह–के	भवन–में	यहोवा–के
H6950	H3605		H0413	H3414		H3068

तूने क्यों यहोवा के नाम से यह भविष्यद्वाणी की ‘ यह भवन शीलो के समान उजाड़ हो जाएगा, और यह नगर ऐसा उजड़ेगा कि उसमें कोई न रह जाएगा’?” इतना कहकर सब साधारण लोगों ने यहोवा के भवन में यिर्मयाह के विरुद्ध भीड़ लगाई।

10

וַיַּעֲלוּ	הָאֵלֶּה	הַדְּבָרִים	אֵת	יְהוּדָה	שָׂרֵי	וַיִּשְׁמְעוּ
और–आए	इन	वचनों	को	यहूदा–के	सरदारों–ने	और–सुना
H5927	H0428	H1697	H0853	H3063	H8269	H8085

מִבֵּית־	הַמֶּלֶךְ	בֵּית	יְהוָה	וַיֵּשְׁבוּ	בְּפֶתַח	שַׁעַר־	יְהוָה
से–भवन–	राजा–के	भवन	यहोवा–के	और–बैठे	द्वार–पर	फाटक–	यहोवा–के
	H4428		H3068	H3427	H6607	H8179	H3068

הַחָדָשׁ׃	ס
नए	—
H2319	

यहूदा के हाकिम ये बातें सुनकर, राजा के भवन से यहोवा के भवन में चढ़ आए और उसके नये फाटक में बैठ गए।

11

כָּל־	וְאֶל־	הַשָּׂרִים	אֶל־	וְהַנְּבִאִים	הַכֹּהֲנִים	וַיֹּאמְרוּ	
सब–	और–को–	सरदारों–के	को–	और–नबियों–ने	याजकों–ने	और–कहा	
H3605	H0413	H8269	H0413	H5030	H3548	H0559	

כִּי	הַזֶּה	לָאִישׁ	מָוֶת	מִשְׁפַּט־	לֵאמֹר	הָעָם
क्योंकि	इस	मनुष्य–के–लिए	मृत्यु–का	न्याय–	कहते–हुए	प्रजा–के
	H2088	H0376	H4194	H4941	H0559	

שְׁמַעְתֶּם	כַּאֲשֶׁר	הַזֹּאת	הָעִיר	אֶל־	נִבָּא
सुना–है–तुमने	जैसा	इस	नगर	के–विरुद्ध–	भविष्यवाणी–की–है
H8085		H2063		H0413	H5012

בְּאָזְנֵיכֶם׃
अपने–कानों–से
H0241

तब याजकों और भविष्यद्वक्ताओं ने हाकिमों और सब लोगों से कहा, “यह मनुष्य प्राणदण्ड के योग्य है, क्योंकि इसने इस नगर के विरुद्ध ऐसी भविष्यद्वाणी की है जिसे तुम भी अपने कानों से सुन चुके हो।” (प्रेरि. 6:11-14)

12

הָעָם	כָּל־	וְאֶל־	הַשָּׂרִים	כָּל־	אֶל־	יִרְמְיָהוּ	וַיֹּאמֶר
प्रजा–के	सब–	और–को–	सरदारों–के	सब–	को–	यिर्मयाह–ने	और–कहा
	H3605	H0413	H8269	H3605	H0413	H3414	H0559

הַבַּיִת	אֶל־	לְהִנָּבֵא	שְׁלָחַנִי	יְהוָה	לֵאמֹר
भवन	के–विरुद्ध–	भविष्यवाणी–करने–के–लिए	भेजा–है–मुझे	यहोवा–ने	कहते–हुए
	H0413	H5012	H7971	H3068	H0559

אֲשֶׁר	הַדְּבָרִים	כָּל־	אֵת	הַזֹּאת	הָעִיר	וְאֶל־	הַזֶּה
जो	वचनों	सब–	को	इस	नगर	और–के–विरुद्ध–	इस
	H1697	H3605	H0853	H2063		H0413	H2088

שְׁמַעְתֶּם׃
सुना–है–तुमने
H8085

तब यिर्मयाह ने सब हाकिमों और सब लोगों से कहा, “जो वचन तुम ने सुने हैं, उसे यहोवा ही ने मुझे इस भवन और इस नगर के विरुद्ध भविष्यद्वाणी की रीति पर कहने के लिये भेज दिया है।

13

בְּקוֹל	וְשִׁמְעוּ	וּמַעַלְלֵיכֶם	דַּרְכֵיכֶם	הֵיטִיבוּ	וְעַתָּה
आवाज़–को	और–सुनो	और–अपने–कामों–को	अपने–मार्गों–को	सुधारो	और–अब
	H8085	H4611	H1870	H3190	H6258

אֲשֶׁר	הָרָעָה	אֶל־	יְהוָה	וְיִנָּחֶם	אֱלֹהֵיכֶם	יְהוָה
जो	विपत्ति	से–	यहोवा	और–पछताएगा	अपने–एलोहीम–की	यहोवा
		H0413	H3068	H5162	H0430	H3068

עֲלֵיכֶם׃	דִּבֶּר
तुम्हारे–विरुद्ध	कहा–है
	H1696

इसलिए अब अपना चाल चलन और अपने काम सुधारो, और अपने परमेश्वर यहोवा की बात मानो; तब यहोवा उस विपत्ति के विषय में जिसकी चर्चा उसने तुम से की है, पछताएगा।

14

וְכַיָּשָׁר	כַּטּוֹב	לִי	עֲשׂוּ־	בְיֶדְכֶם	הִנְנִי	וַאֲנִי
और–जैसा–सही	जैसा–भला	मेरे–साथ	करो–	तुम्हारे–हाथ–में	देखो–मैं	और–मैं
H3477				H3027	H2009	H0589

בְּעֵינֵיכֶם׃
तुम्हारी–नज़रों–में

देखो, मैं तुम्हारे वश में हूँ; जो कुछ तुम्हारी दृष्टि में भला और ठीक हो वही मेरे साथ करो।

15

כִּי־	אֹתִי	אַתֶּם	מְמִתִים	אִם־	כִּי	תֵּדְעוּ	יָדֹעַ	וְאַךְ
क्योंकि–	मुझे	तुम	मारते–हो	अगर–	कि	जानो	जानकर–	परन्तु
	H0853		H4191			H3045	H3045	H0389

הַזֹּאת	הָעִיר	וְאֶל־	עֲלֵיכֶם	נֹתְנִים	אַתֶּם	נָקִי	דָּם
इस	नगर–पर	और–पर–	अपने–ऊपर	देते–हो	तुम	निर्दोष	लहू
H2063		H0413		H5414			H1818

עֲלֵיכֶם	יְהוָה	שְׁלָחַנִי	בֶּאֱמֶת	כִּי	יֹשְׁבֶיהָ	וְאֶל־	
तुम्हारे–पास	यहोवा–ने	भेजा–है–मुझे	सचमुच	क्योंकि	उसके–निवासियों–पर	और–पर–	
	H3068	H7971	H0571		H3427	H0413	

ס	הָאֵלֶּה׃	הַדְּבָרִים	כָּל־	אֶת	בְּאָזְנֵיכֶם	לְדַבֵּר
—	इन	वचनों	सब–	को	तुम्हारे–कानों–में	बोलने–के–लिए
	H0428	H1697	H3605	H0853	H0241	H1696

पर यह निश्चय जानो, कि यदि तुम मुझे मार डालोगे, तो अपने को और इस नगर को और इसके निवासियों को निर्दोष के हत्यारे बनाओगे; क्योंकि सचमुच यहोवा ने मुझे तुम्हारे पास यह सब वचन सुनाने के लिये भेजा है।”

16 וַיֹּאמְרוּ הַשָּׂרִים וְכָל־הָעָם אֶל־הַכֹּהֲנִים וְאֶל־הַנְּבִיאִים
और-कहा सरदारों-ने और-सब- प्रजा-ने को- याजकों-के और-को-
H0559 H8269 H3605 H0413 H3548 H0413

אֵין־לָאִישׁ הַזֶּה מִשְׁפַּט־מָוֶת כִּי בְשֵׁם
नहीं-है- मनुष्य-के-लिए इस न्याय- मृत्यु-का क्योंकि नाम-से
H0369 H0376 H2088 H4941 H4194 H3588 H8034

יְהוָה אֱלֹהֵינוּ דִּבֶּר אֵלֵינוּ׃
यहोवा हमारे-एलोहीम-के बोला-है हमसे
H3068 H0430 H1696 H0413

तब हाकिमों और सब लोगों ने याजकों और नबियों से कहा, “यह मनुष्य प्राणदण्ड के योग्य नहीं है क्योंकि उसने हमारे परमेश्वर यहोवा के नाम से हम से कहा है।”

17 וַיָּקֻמוּ אֲנָשִׁים מִזִּקְנֵי הָאָרֶץ וַיֹּאמְרוּ אֶל־כָּל־קְהַל
और-उठे पुरुष से-प्राचीनों देश-के और-कहा को- सब- सभा
H0559 H0376 H2205 H0776 H0559 H0413 H3605 H6951

הָעָם לֵאמֹר׃
प्रजा-की कहते-हुए
H0559

तब देश के पुरनियों में से कितनों ने उठकर प्रजा की सारी मण्डली से कहा,

18 מִיכָה [מִיכָיְהוּ] הַמּוֹרַשְׁתִּי הָיָה נִבָּא בִּימֵי חִזְקִיָּהוּ
मीका मीका मोरेशती था भविष्यवाणी-करता दिनों-में हिज़कियाहू
H4320 H4320 H4183 H1961 H5012 H3117 H2396

מֶלֶךְ־יְהוּדָה וַיֹּאמֶר אֶל־כָּל־עַם יְהוּדָה לֵאמֹר
राजा- यहूदा-के और-कहा को- सब- प्रजा यहूदा-की कहते-हुए
H4428 H3063 H0559 H0413 H3605 H5971 H3063 H0559

כֹּה־אָמַר יְהוָה צְבָאוֹת צִיּוֹן שָׂדֶה כְּמוֹ תֵחָרֵשׁ
यों- कहता-है यहोवा सेनाओं-का सिय्योन खेत-की-तरह जोती-जाएगी
H3541 H0559 H3068 H6726

וִירוּשָׁלַ͏ִם לְעִיִּים תִּהְיֶה הַר וְהַר הַבַּיִת לְבָמוֹת
और-यरूशलेम खंडहरों-का-ढेर होगा पहाड़ और-पहाड़ भवन-का ऊँचे-स्थानों-को
H3389 H5856 H1961 H2022 H1116

יָעַר׃
जंगल-के

“यहूदा के राजा हिजकिय्याह के दिनों में मोरेशेतवासी मीका भविष्यद्वाणी कहता था, उसने यहूदा के सारे लोगों से कहा: ‘सेनाओं का यहोवा यह कहता है कि सिय्योन जोतकर खेत बनाया जाएगा और यरूशलेम खण्डहर हो जाएगा, और भवनवाला पर्वत जंगली स्थान हो जाएगा।’

19

יְהוּדָה	וְכָל־	יְהוּדָה	מֶלֶךְ־	חִזְקִיָּהוּ	הֱמִתְהוּ	הֲהָמֵת
यहूदा–ने	और–सब–	यहूदा–के	राजा–	हिज़्क़ियाहू	मारा–उसे	क्या–मारा–था
H3063	H3605	H3063	H4428	H2396	H4191	H4191

יְהוָה	פְּנֵי	אֶת־	וַיְחַל	יְהוָה	אֶת־	יָרֵא	הֲלֹא
यहोवा–के	चेहरे	को–	और–मिन्नत–की	यहोवा–से	को–	डरा–वह	क्या–नहीं
H3068	H6440	H0853		H3068	H0853	H3373	H3808

וַאֲנַחְנוּ	עֲלֵיהֶם	דִּבֶּר	אֲשֶׁר־	הָרָעָה	אֶל־	יְהוָה	וַיִּנָּחֶם
और–हम	उनके–विरुद्ध	कही–थी	जो–	विपत्ति	से–	यहोवा–ने	और–पछताया
H0587		H1696			H0413	H3068	H5162

נַפְשׁוֹתֵינוּ׃	עַל־	גְּדוֹלָה	רָעָה	עֹשִׂים
अपने–प्राणों–के	के–विरुद्ध–	बड़ी	बुराई	कर–रहे–हैं
H5315				

क्या यहूदा के राजा हिजकिय्याह ने या किसी यहूदी ने उसको कहीं मरवा डाला? क्या उस राजा ने यहोवा का भय न माना ओर उससे विनती न की? तब यहोवा ने जो विपत्ति उन पर डालने के लिये कहा था, उसके विषय क्या वह न पछताया? ऐसा करके हम अपने प्राणों की बड़ी हानि करेंगे।”

20

אוּרִיָּהוּ	יְהוָה	בְּשֵׁם	מִתְנַבֵּא	הָיָה	אִישׁ	וְגַם־
ऊरिय्याहू	यहोवा–के	नाम–से	भविष्यवाणी–करनेवाला	था	एक–पुरुष	और–भी–
	H3068	H8034	H5012	H1961	H0376	H1571

עַל־	וַיִּנָּבֵא	הַיְעָרִיםמִקִּרְיַת	שְׁמַעְיָהוּ	בֶּן־	
के–विरुद्ध–	और–भविष्यवाणी–करता–था	किर्यत–येआरीम–से	शमैयाहू–का	पुत्र–	
	H5012	H7157	H8098		

יִרְמְיָהוּ׃	דִּבְרֵי	כְּכֹל	הַזֹּאת	הָאָרֶץ	וְעַל־	הַזֹּאת	הָעִיר
यिर्मयाह–के	वचनों	जैसे–सब	इस	पृथ्वी	और–के–विरुद्ध–	इस	नगर
H3414	H1697	H3605	H2063	H0776		H2063	

फिर शमायाह का पुत्र ऊरिय्याह नामक किर्यत्यारीम का एक पुरुष जो यहोवा के नाम से भविष्यद्वाणी कहता था उसने भी इस नगर और इस देश के विरुद्ध ठीक ऐसी ही भविष्यद्वाणी की जैसी यिर्मयाह ने अभी की है।

וְכָל־ גִּבּוֹרָיו כָּל־ יְהוֹיָקִים הַמֶּלֶךְ־ וַיִּשְׁמַע 21
और-सब- उसके-वीरों-ने और-सब- यहोयाकीम-ने राजा- और-सुना
H3605 H1368 H3605 H3079 H4428 H8085

וַיִּשְׁמַע הַמִּתּוֹ הַמֶּלֶךְ וַיְבַקֵּשׁ דְּבָרָיו אֶת־ הַשָּׂרִים
और-सुना मारना-उसे राजा-ने और-चाहा उसके-वचनों-को को- सरदारों-ने
H8085 H4191 H4428 H1245 H1697 H0853 H8269

מִצְרָיִם׃ וַיָּבֹא וַיִּבְרַח וַיִּירָא אוּרִיָּהוּ
मिस्र-को और-आया और-भागा और-डरा ऊरिय्याहू-ने
H4714 H0935 H1272 H3372

जब यहोयाकीम राजा और उसके सब वीरों और सब हाकिमों ने उसके वचन सुने, तब राजा ने उसे मरवा डालने का यत्न किया; और ऊरिय्याह यह सुनकर डर के मारे मिस्र को भाग गया।

אֶלְנָתָן אֶת מִצְרַיִם אֲנָשִׁים יְהוֹיָקִים הַמֶּלֶךְ וַיְשַׁלַּח 22
एलनातान को मिस्र-को पुरुषों-को यहोयाकीम-ने राजा-ने और-भेजा
H0494 H0853 H4714 H0376 H3079 H4428 H7971

מִצְרָיִם׃ אֶל־ אִתּוֹ וַאֲנָשִׁים עַכְבּוֹר בֶּן־
मिस्र-को को- उसके-साथ और-पुरुषों-को अक्बोर-के पुत्र-
H4714 H0413 H0854 H0376 H5907

तब यहोयाकीम राजा ने मिस्र को लोग भेजे अर्थात् अकबोर के पुत्र एलनातान को कितने और पुरुषों के साथ मिस्र को भेजा।

הַמֶּלֶךְ אֶל־ וַיְבִאֻהוּ מִמִּצְרַיִם אוּרִיָּהוּ אֶת־ וַיּוֹצִיאוּ 23
राजा-के पास- और-लाए-उसे मिस्र-से ऊरिय्याहू-को को- और-निकाला
H4428 H0413 H0935 H4714 H0853 H3318

נִבְלָתוֹ אֶת־ וַיַּשְׁלִכֻהוּ בֶּחָרֶב וַיַּכֻּהוּ יְהוֹיָקִים
उसकी-लाश-को को- और-फेंक-दिया तलवार-से और-मारा-उसे यहोयाकीम-के
H5038 H0853 H7993 H2719 H5221 H3079

הָעָם׃ בְּנֵי קִבְרֵי אֶל־
साधारण-लोगों-के पुत्रों-के कब्रों में-
H6913 H0413

वे ऊरिय्याह को मिस्र से निकालकर यहोयाकीम राजा के पास ले आए; और उसने उसे तलवार से मरवाकर उसकी लोथ को साधारण लोगों की कब्रों में फिंकवा दिया।

יִרְמְיָ֖הוּ	אֶת־	הָיְתָ֑ה	שָׁפָ֗ן	בֶּן־	אֲחִיקָ֛ם	יַד־	אַ֥ךְ	24
यिर्मयाह–के	के–साथ–	था	शाफान–के	पुत्र–	अहीकाम–का	हाथ	परन्तु	
H3414	H0854	H1961			H0296	H3027	H0389	

פ	לַהֲמִיתֽוֹ׃	הָעָ֔ם	בְּיַד־	אֹת֖וֹ	תֵּת־	לְבִלְתִּ֥י
—	मारने–के–लिए	प्रजा–के	हाथ–में–	उसे	देने–से–	कि–न–
	H4191		H3027	H0853	H5414	H1115

परन्तु शापान का पुत्र अहीकाम यिर्मयाह की सहायता करने लगा और वह लोगों के वश में वध होने के लिये नहीं दिया गया।

Chapter 27

יְהוּדָ֑ה	מֶ֖לֶךְ	יֹאשִׁיָּ֥הוּ	בֶּן־	יְהוֹיָקִ֛ם	מַמְלֶ֥כֶת	בְּרֵאשִׁ֖ית	1
यहूदा–के	राजा	योशिय्याहू–के	पुत्र–	यहोयाकीम	राज्य–के	शुरू–में	
H3063	H4428	H2977		H3079	H4467	H7225	

לֵאמֹֽר׃	יְהוָ֖ה	מֵאֵ֥ת	יִרְמְיָ֛ה	אֶל־	הַזֶּ֥ה	הַדָּבָ֖ר	הָיָ֑ה
कहते–हुए	यहोवा	से	यिर्मयाह	को–	यह	वचन	आया
H0559	H3068	H0854	H3414	H0413	H2088	H1697	H1961

योशिय्याह के पुत्र, यहूदा के राजा सिदकिय्याह के राज्य के आरम्भ में यहोवा की ओर से यह वचन यिर्मयाह के पास पहुँचा।

וּמֹטֹ֑ות	מוֹסְרֹ֖ות	לְךָ֥	עֲשֵׂ֛ה	אֵלַ֥י	יְהוָ֖ה	אָמַ֣ר	כֹּֽה־	2
और–जूआ	रस्सियाँ	अपने–लिए	बना	मुझसे	यहोवा–ने	कहा–है	यों–	
H4133	H4147			H0413	H3068	H0559	H3541	

צַוָּארֶֽךָ׃	עַל־	וְנָתַתָּ֖ם	
अपनी–गर्दन	पर–	और–रख	
		H5414	

यहोवा ने मुझसे यह कहा, “बन्धन और जूए बनवाकर अपनी गर्दन पर रख।

וְשַׁלַּחְתָּם 3
और–भेज
H7971

אֶל־ מֶלֶךְ אֱדוֹם וְאֶל־ מֶלֶךְ מוֹאָב
पास– राजा–के एदोम–के और–पास– राजा–के मोआब–के
H0413 H4428 H0123 H0413 H4428 H4124

וְאֶל־ מֶלֶךְ עַמּוֹן וְאֶל־ מֶלֶךְ צֹר וְאֶל־
और–पास– राजा–के अम्मोन–के और–पास– राजा–के सोर–के और–पास–
H0413 H4428 H5983 H0413 H4428 H6865 H0413

אֶל־ יְרוּשָׁלִַם הַבָּאִים מַלְאָכִים בְּיַד מֶלֶךְ צִידוֹן מֶלֶךְ
पास– यरूशलेम जो–आते–हैं दूतों–के हाथ–से सीदोन–के राजा–के
H0413 H3389 H0935 H4397 H3027 H6721 H4428

יְהוּדָה׃ מֶלֶךְ צִדְקִיָּהוּ
यहूदा–के राजा सिदकिय्याहू
H3063 H4428 H6667

तब उन्हें एदोम और मोआब और अम्मोन और सोर और सीदोन के राजाओं के पास, उन दूतों के हाथ भेजना जो यहूदा के राजा सिदकिय्याह के पास यरूशलेम में आए हैं।

וְצִוִּיתָ 4
और–आज्ञा–देना
H6680

אֹתָם אֶל־ אֲדֹנֵיהֶם לֵאמֹר כֹּה־ אָמַר
उन्हें के–लिए– अपने–स्वामियों–के कहते–हुए यों– कहता–है
H0853 H0413 H0113 H0559 H3541 H0559

יְהוָה צְבָאוֹת אֱלֹהֵי יִשְׂרָאֵל כֹּה תֹאמְרוּ אֶל־
यहोवा सेनाओं–का एलोहीम इस्राएल–का यों कहो को–
H3068 H0430 H3478 H3541 H0559 H0413

אֲדֹנֵיכֶם׃
अपने–स्वामियों–के
H0113

उनको उनके स्वामियों के लिये यह कहकर आज्ञा देना: ‘इस्राएल का परमेश्वर सेनाओं का यहोवा यह कहता है: अपने-अपने स्वामी से यह कहो कि

אָנֹכִי 5
मैंने
H0595

עָשִׂיתִי אֶת־ הָאָרֶץ אֶת־ הָאָדָם וְאֶת־ הַבְּהֵמָה
बनाया–है को– पृथ्वी को– मनुष्य और–को– पशु
H0853 H0776 H0853 H0120 H0853 H0929

אֲשֶׁר עַל־ פְּנֵי הָאָרֶץ בְּכֹחִי הַגָּדוֹל וּבִזְרוֹעִי
जो पर– चेहरे पृथ्वी–के अपनी–शक्ति–से बड़ी और–अपनी–भुजा–से
H6440 H0776 H2220

בְּעֵינָי׃ יָשָׁר לַאֲשֶׁר וְנָתַתִּיהָ הַנְּטוּיָה
मेरी–नज़रों–में सही जिसे और–दी–है–इसे फैली–हुई
H3474 H5414 H5186

पृथ्वी को और पृथ्वी पर के मनुष्यों और पशुओं को अपनी बड़ी शक्ति और बढ़ाई हुई भुजा के द्वारा मैंने बनाया, और जिस किसी को मैं चाहता हूँ उसी को मैं उन्हें दिया करता हूँ।

6

בְּיָדִ֔י	הָאֲדָמָ֖ה	הָאָרֶץ֣	כָּל־	אֶת־	נָתַ֑תִּי	אָנֹכִ֗י	וְעַתָּ֞ה	
हाथ–में	इन	देशों	सब–	को–	दी–है	मैंने	और–अब	
H3027	H0428	H0776	H3605	H0853	H5414	H0595	H6258	

הַשָּׂדֶ֔ה	חַיַּ֥ת	אֶת־	וְגַם֙	עַבְדִּ֣י	בָּבֶ֔ל	מֶ֖לֶךְ־	נְבוּכַדְנֶאצַּ֑ר
मैदान–के	जानवरों–को	को–	और–भी	मेरे–दास	बाबेल–के	राजा–	नबूकदनेस्सर
		H0853	H1571	H5650	H0894	H4428	H5019

לְעָבְדֽוֹ׃	לֽוֹ	נָתַ֖תִּי
सेवा–करने–के–लिए	उसे	दी–है
H5647		H5414

अब मैंने ये सब देश, अपने दास बाबेल के राजा नबूकदनेस्सर को आप ही दे दिए हैं; और मैदान के जीवजन्तुओं को भी मैंने उसे दिया है कि वे उसके अधीन रहें।

